डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# रॉयल पत्रिका

रॉयल पत्रिका न्यूज पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें - 9799559096

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 26 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 29 जुलाई से 04 अगस्त 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत आसान नहीं है

**-राजस्थान की पांच विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव।**

**-उपचुनाव में ज्यादातर सत्ता पक्ष का पलड़ा भारी रहता आया है।**





जयपुर (रॉयल पत्रिका) ।राजस्थान में भाजपा की सरकार है । प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों पर जल्द ही उपचुनाव होंगे । भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए पांचों सीटों पर विधानसभा उपचुनाव जीतना इज्जत का मामला है । वैसे विधानसभा उपचुनाव में जिसकी सत्ता होती है उसको फायदा मिलते आया है । लेकिन इस बार राजस्थान की 11 लोकसभा सीटों पर जीत के कारण कांग्रेस का कॉन्फिडेंस लेवल हाई है ।ऐसी स्थिति में पांचों विधानसभा सीटों पर मुकाबला रोचक होने जा रहा है । कांग्रेस पहले से बदली हुई है, कांग्रेस के संगठन में पहली बार ऐसे जातिवादी नेताओं का बोलबाला है जिनकी जातियां कांग्रेस को मजबूत बनाती हैं । दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का झुकाव कांग्रेस की तरफ है, जबकि सामान्य वर्ग का झुकाव भाजपा की तरफ है । उपचुनाव जिन सीटों पर होना है उन पर पहले कांग्रेस और उनके सहयोगी पार्टी के विधायक ही थे जो अब सांसद बन चुके हैं । फिर भी भाजपा प्रदेश में सत्ता में है और सत्ता का फायदा भाजपा को जरूर मिल सकता है ।

## विधानसभा में मुसलमानों के मुद्दों को कौन उठाएगा ?

**-विधानसभा में पांच मुस्लिम विधायक हैं, लेकिन दूसरे मुद्दों पर बोल रहे हैं**



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । प्रदेश में मुसलमानों की स्थिति दलितों से भी ज्यादा खराब हो चुकी है । मुस्लिम समुदाय के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक हालत काफी खराब हैं । समुदाय के युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है । मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में अच्छे स्कूल, कॉलेज एवं अस्पतालों की कमी है । गरीबी के कारण बड़ी आबादी भरपेट खाना भी नहीं खा पा रही है । राजस्थान वक्फ बोर्ड से संबंधित मस्जिदों, मुसाफिर खानों एवं दरगाहों की आमदनी समाज के वेलफेयर के काम नहीं आ रही है । मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रोजगार, नशा, साफ-सफाई की समस्या आम हो गई है । लेकिन मुस्लिम वोटों से जीते मुस्लिम विधायक एवं दूसरे समुदाय के विधायक विधानसभा में समुदाय की आवाज नहीं उठा रहे हैं, जबकि मुस्लिम विधायकों को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से टिकट मिलता है और मुस्लिम वोटों के समर्थन से ही जीत कर विधानसभा जाते हैं ।

जीतने के बाद यह विधायक कैसे बदल रहे हैं, देखा जा सकता है ! सोचने की बात है कि मुस्लिम विधायकों के अलावा विधानसभा में समुदाय की आवाज कौन उठाएगा ?

## उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को किया नमन

***-शहीद स्मारक पर मनाया गया कारगिल विजय दिवस***

दौसा (रॉयल पत्रिका)। उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को दौसा में कलेक्ट्रेट चौराहा स्थित शहीद स्मारक पर प्रदेश गौरव सैनानी एसोसिएशन, दौसा के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैन्यकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया एवं शहीद वीरांगनाओं को सम्मानित किया।



उपमुख्यमंत्री ने करगिल में मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले माँ भारती के अमर वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन करते हुए करगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं आमजन को बताया कि उपमुख्यमंत्री से पहले मैं स्वयं एक सैन्यकर्मी की बेटी हूं। सैनिक हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो देश की संप्रभुता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैनिकों से विशेष जुड़ाव होने के कारण प्रधानमंत्री त्यौहार एवं विशेष अवसरों को सीमाओं पर सैनिकों के मध्य पहुंचकर मनाते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आपने जो वाजिब मांगे रखी है, उनका मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से विचार- विमर्श कर यथोचित समाधान निकालने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जन - जन तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को हल करने के लिए कटिबद्ध है, इसी दिशा में लगातार कार्य करते हुए राज्य सरकार ने संशोधित ईआरसीपी परियोजना, बिजली की कमी को दूर करने के लिए समझौते किए हैं जिससे आने वाले दो वर्षो में संपूर्ण राजस्थान में 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने समावेशी बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र को सौगातें दी हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीदेवेंद्र कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती रंजीता शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती सुमित्रा पारीक, भूपेंद्र सैनी, डॉ प्रभु दयाल शर्मा, नगर परिषद सभापति श्रीमती ममता चौधरी, जिला परिषद सदस्य श्रीमती नीलम गुर्जर, प्रदेश गौरव सेनानी ऐसोसिएशन दौसा के कर्नल(रि.) अनिल वर्मा, कैप्टन (रि.) गोपाल लाल, कैप्टन(रि.) लालचंद, कैप्टन(रि.) राजाराम, कैप्टन(रि.) रामचंद्र, मेजर सूबेदार(रि.) कंचनलाल, सूबेदार(रि.) पीडी कसाना, हवलदार (रि.) कृपा शंकर सहित बडी संख्या में सैनिक, पत्रकारगण व एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## प्रदेश में उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष दलित, फिर भी अत्याचार जारी

**-क्या दलित नेता दलितों पर अत्याचार रोकने के बजाय कुर्सी से चिपके रहना पसंद करते हैं**







जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश में डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर दलित समुदाय से आते हैं। इनके अलावा भाजपा और कांग्रेस में करीब 32 विधायक एवं चार सांसद दलित समुदाय से हैं । प्रदेश के लाखों अधिकारी एवं कर्मचारियों में करीब 16% संख्या दलित (एससी वर्ग) की है, फिर भी प्रदेश में दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं । ऐसा क्यों हो रहा है ? संसद में, विधानसभा में, पुलिस में एवं सभी विभागों में दलित नेता अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद फिर भी दलितों के साथ होने वाले अत्याचारों पर आरोपियों के खिलाफ कारगर कार्रवाई नहीं होती है । क्या दलित सांसद, विधायकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रुचि अपनी पाई गई स्थिति को बचाए रखने की है, कुर्सी से चुपके रहने की बन गई है । संख्या के लिहाज से दलित नेता सभी पार्टियों में अच्छे खासे हैं । यह अपनी भलाई चुप रहने में ही समझते हैं । ऐसी स्थिति में दलितों पर अत्याचार कैसे रोके जा सकते हैं ?

दलित शिक्षक शंकर की हत्या- दलित शिक्षक शंकर की उदयपुर जिले के सलूंबर में हत्या कर दी गई, केवल शंकर की हत्या ही नहीं प्रदेश में दर्जनों घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि प्रदेश में दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं । आज भी दलितों को गांव में कुएं से पानी नहीं पीने दिया जाता है । स्कूलों, आंगनवाड़ियों, अस्पतालों, सामुदायिक केंद्रों में पक्षपात होता है । कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जहां दलित अध्यापकों का स्कूल में उत्पीड़न किया जाता है, उन्हें पढ़ाने नहीं दिया जाता है । आश्चर्य इस बात का है कि प्रदेश का उपमुख्यमंत्री दलित, नेता प्रतिपक्ष दलित, शिक्षा मंत्री दलित एवं पुलिस के एवं गृह विभाग के कई बड़े अधिकारी दलित हैं । फिर भी दलितों पर अत्याचार क्यों बढ़ रहा है ? समझने की जरूरत है।

## जेलों का बजट बढ़ाया जाए- संजय सिंह

**-कहा आज हम जेल में कल तुम्हें जेल में आना पड़ेगा**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सभा बहस में भाग लेते हुए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जेल की हालत खराब होने के कारण उनका बजट बढ़ाने के लिए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मांग रखी है और साथ में यह भी कहा है कि आज हम जेल में हैं कल सत्ता पक्ष के नेता भी जेल में होंगे । इसलिए अच्छी जेले बनाने के लिए जेलों का बजट बढ़ाया जाए।

## चंद्रशेखर आजाद ने संसद में उठाया दलित उत्पीड़न का मामला



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भीम आर्मी चीफ एवं आजाद पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचार का मामला उठाने की कोशिश की । लेकिन लोकसभा में स्पीकर ने इजाजत नहीं दी । दलितों का मामला नहीं उठा पाने के बाद सांसद चंद्रशेखर संसद में पक्षपात का आरोप लगाते हुए बाहर चले गए और दलितों की सुरक्षा की मांग करने लगे ।

## उर्दू की उपेक्षा बंद करे भाजपा सरकार : एस डी पी आई

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एस डी पी आई) ,राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अशफ़ाक हुसैन ने उर्दू एकेडमी के कार्यालय पर ताला लगाने वाले मामले पर में बयान जारी कर भाजपा सरकार पर उर्दू कि उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार उर्दू भाषा के साथ भेद भाव कर रही है और यह उसी का नतीजा है कि कर्मचारी के अभाव में उर्दू एकेडमी के कार्यालय पर ताला लग गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का भाषायी एवं संस्कृति विभाग अगर समय पर स्वीकृत पदों पर भर्ती कर लेता या अन्य विभागों से कर्मचारियों को डेपुटेशन पर इस मे भेज देता तो उर्दू एकेडमी के कार्यलय पर ताला नहीं लगता। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि तुरंत प्रभाव से इस एकेडमी के स्टाफ लगाए जाएं क्योंकि उर्दू एकेडमी से बहुत सारे बुजुर्ग शायरों को पेंशन मिलती है तथा उर्दू भाषा के विकास बहुत सारे काम होते है जो कि 30 जून से ठप पड़े हैं। उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार उर्दू एकेडमी का पुनः गठन करें और स्वीकृत पदों पर स्टॉफ की नियुक्ति करें अन्यथा यह समझा जाएगा कि सरकार उर्दू भाषा को ख़त्म करने कि साज़िश कर रही है ।

## बिना किराया कमेटी की सहमति से वक्फ संपत्तियों का किराया बढ़ाया

**-वक्फ बोर्ड सीईओ नसीम खान ने फिर मनमानी करते हुए अजमेर की वक्फ संपत्तियों का किराया बढ़ाया, किराया समिति के मेंबर की सहमति लेना भी जरूरी नहीं समझा**

**-वक्फ बोर्ड मेंबर की बैठक एक लंबे समय से नहीं हुई है, सीईओ बैठक बुलाने में आनाकानी कर रही है**

**एम. खान**




जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान बोर्ड ऑफ़ मुस्लिम वक्फस में सीईओ को बोर्ड की वक्फ कमेटियों, बोर्ड के कर्मचारियों, लेन-देन, आय-व्यय एवं दूसरी प्रशासन व्यवस्था एवं वक्फ बोर्ड के चुने गए मेंबर एवं चेयरमैन के निर्णयों को लागू करवाने के लिए पद स्थापित किया जाता है । लेकिन वर्तमान वक्फ बोर्ड सीईओ नसीम खान को जो काम करने चाहिए, उन्हें छोड़कर मनमानी करना शुरू कर दी है । ऐसे ही अजमेर शहर की 243 वक्फ संपत्तियों का किराया मनमानी पूर्वक बढ़ाया गया है । वक्फ बोर्ड में बोर्ड मेंबर की किराया समिति बनी हुई है जब भी किसी वक्फ संपत्ति का किराया बढ़ाया जाता है तो इसका निर्णय बोर्ड सदस्यों की किराया समिति ही निर्णय लेती है । लेकिन बोर्ड सीईओ ने 243 किरायेदारों का किराया अपनी मर्जी से एवं एक अनजान संस्था मसाजिद कल्याण संस्था के सचिव से सलाह करके बढ़ा दिया गया है । बोर्ड मेंबरों से सीईओ बोर्ड के निर्णयों और नियम कायदों के बारे में कुछ पूछना नहीं चाहती है । बोर्ड में किराया बढ़ाने के अलावा और कई ऐसे निर्णय हैं, जिनको सीईओ स्वयं लेने की कोशिश करती है । जरूरत पड़ने पर सीईओ हस्ताक्षर करवाने के लिए बोर्ड मेंबर के घर फाइल भिजवा देती है ।

वर्तमान बोर्ड चेयरमैन और बोर्ड मेंबर जो चुनकर आए हैं, को साइड में करने की कोशिश की जा रही है । सीईओ की मनमानी देखिए पहले अपने भाई को चपरासी लगा दिया, फिर अजमेर वक्फ संपत्तियों का किराया बिना बोर्ड मेंबर की किराया समिति से पूछे बढ़ा दिया । यह भी जानकारी में आया है कि वक्फ बोर्ड संचालन के नए नियम रेगुलेशन बनाए जा रहे हैं, जिनमें सीईओ ने प्रावधान किया है कि आगे से वक्फ संपत्तियों की देख-रेख करने वाली कमेटियों में दसवीं से कम पढ़ा लिखा व्यक्ति सदस्य, सचिव एवं सदर नहीं बन सकता है । यह वक्फ बोर्ड सीईओ की मनमानी नहीं है तो क्या है । विधायक, सांसद, पार्षद बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं है । लेकिन बोर्ड सीईओ वक्फ संपत्ति कमेटियों (मस्जिद, मदरसा, दरगाह एवं मुसाफिरखाना) में 10वीं पास की योग्यता जरूरी कर रही है। बोर्ड में किसी योग्य अधिकारी की जरूरत है । माना जा रहा है कि वक्फ बोर्ड सीईओ की इसी तरह मनमानी चलती रही तो बोर्ड को आने वाले दिनों में बुरे दिन देखने पड़ेंगे ।

**अजमेर वक्फ संपत्तियों का क्यों बढ़ाया किराया -**

माना जा रहा है कि 243 किरायेदारों का मामूली किराया बढ़ाना और कइयों की नई किरायेदारी करना एक बड़ा फैसला है और धांधली है । सीईओ की हिम्मत देखिए कि किराया बढ़ाते समय किसी बोर्ड मेंबर से नहीं पूछा गया । जबकि बोर्ड पॉलिसी के अनुसार बोर्ड मेंबर की किराया समिति बनी हुई है, जो किराया बढ़ाने का निर्णय ले सकती है । चर्चा है कि मीडियेटर के जरिए किरायेदारों से लेन-देन किया गया है । 243 किरायेदार हैं, जिनका मात्र ₹50 से लेकर ₹500 तक किराया बढ़ाया गया है । बोर्ड की किराया समिति में निर्णय होता तो वक्फ संपत्तियों का किराया कहीं ज्यादा बढ़ाया जाता और बोर्ड को बड़ा फंड मिलता । लेकिन बोर्ड सीईओ की मनमानी के चलते ऐसा नहीं हो सका ।

**बोर्ड सदस्यों की राय-**

जब राजस्थान हाईकोर्ट बार काउंसिल के सदस्य और राजस्थान बोर्ड ऑफ़ मुस्लिम वक्फ के मेंबर एडवोकेट सैयद शाहिद हसन से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बोर्ड में किराया बढ़ाने का काम बोर्ड की किराया पॉलिसी के तहत बोर्ड मेंबर की बनी हुई कमेटी ही कर सकती है, सीईओ को किराया बढ़ाने का अधिकार नहीं है । इसी तरह वक्फ बोर्ड मेंबर श्रीमती राना जैदी का कहना है कि सीईओ मैडम को पता होना चाहिए कि बोर्ड ने किराया पॉलिसी के तहत किराया समिति बोर्ड मेंबर की बना रखी है । किराये से संबंधित निर्णय बोर्ड की किराया समिति ही ले सकती है, बोर्ड में एक तरफ कुछ नहीं होना चाहिए ।



# वतन फाउंडेशन ने मनाई मिसाइल मैन डॉ. कलाम की पुण्यतिथि

## -कलाम की जीवनी से जुड़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। हमारा पैगाम भाईचारे के नाम की थीम पर अमन चैन और भाईचारे को लेकर धरातल पर काम कर रहे वतन फाउंडेशन की टीम ने शनिवार को मिसाइल मैन के नाम से विख्यात भारत के पूर्व राष्ट्रपति



स्व0 डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई ।

इस मौके पर उनकी जीवनी पर आधारित जिला मुख्यालय स्थित खेरदा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बड़चड़कर भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल कैलाश सिसोदिया एवं समस्त स्टाफ के द्वारा वतन फाउंडेशन की टीम का गर्मजोशी के साथ माला , साफा व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस मौके पर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को वतन फाउंडेशन के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वतन फाउंडेशन महिला विंग की सदस्य रूमा नाज ने कलाम साहब की जीवनी से जुड़ी कई महत्व पूर्ण जानकारियां स्कूली बच्चों से साझा की ओर कलाम साहब के सिद्धांतो को अपनाने की बात कही।

कार्यकर्म में मौजूद फाउंडेंशन के सदस्य पार्षद राजेश पहाड़िया, पार्षद संजय बैरवा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष अशोक कुमार, हुसैन आर्मी, विद्यालय के प्रिंसिपल कैलाश सिसोदिया सहित मौजूद वतन फाऊंडेशन के सभी साथियों ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

कार्यकर्म में वतन फाउंडेशन टीम की सदस्य सुनीता गौमे,मंजू गंगवाल रूमा नाज,राजेश शर्मा,हुसैन आर्मी,टीपू सुल्तान,पार्षद संजय बैरवा पार्षद राजेश पहाड़िया, पत्रकार मुकेश जैन, पत्रकार नरेन्द्र शर्मा सहित, विद्यालय स्टाफ ,एवं वार्ड के नागरिक तथा स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# गांधीवन में किया वृक्षारोपण एवं पत्रकारों का हुआ सम्मान

**वसीम अकरम**

जयपुर/ताला (रॉयल पत्रिका)। टोड़ालड़ी में स्थित ग्राम भारती समिति का रविवार को 40वां स्थापना दिवस मनाया गया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक स्व. भवानी शंकर कुसुम ने गांधी विचार धारा के अनुरूप संस्था का गठन किया था। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपरण का आयोजन किया गया। जिसकी थीम "एक पेड़ माँ के नाम" रखी गई। साथ ही पत्रकारो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महेन्द्र पाल मीणा व विशिष्ट अतिथि टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल,जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर,पूर्व महाधिवक्ता जी. एस. बापना एवं स्थानीय सरपंच केला का बास रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष हर्षवर्द्धन अग्रवाल ने की।

संस्था के कार्यालय सचिव रामचन्द्र सैनी ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने आमजन के साथ वृक्षारोपण किया और सभी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के अनुसार पेड़ लगाये।जिला प्रमुख सरोज बंसल ने जमवारामगढ़ पत्रकार उद्यान का उद्घाटन किया और पत्रकार बन्धुओं ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। सचिव कुसुम लता जैन ने संस्था के द्वारा 40 वर्षों में किये कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया।



विधायक महेन्द्र पाल मीणा ने कहा कि गांधीवन व आस-पास के क्षेत्र में पर्यावरण बहुत ही शुद्ध है, पानी का जल स्तर भी बहुत अच्छा है हमें और अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जिससे पर्यावरण में सुधार होगा और चारों तरफ हरियाली होगी। यहां के क्षेत्र किसानों के बच्चें पढ़-लिखकर उच्चे पदों पर जा रहे हैं यह गर्व की बात है। संस्था द्वारा किये कार्यों की प्रषंसा करता हूं। और मुझसे कोई सहयोग मेरे क्षेत्रवासियों को चाहिये तो मैं हमेशा तैयार हूं। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि में संस्था की सचिव कुसुम लता जैन से जुड़ी और ग्राम भारती समिति के कार्यों को देखा और गांधीवन में किया वनविस्तार का कार्य सराहनीय है। जी. एस. बापना पूर्व महाधिवक्ता ने बताया कि पर्यावरण की समस्या को लेकर पुरी दुनिया चिन्तित है। जलवायु परिवर्तन को लेकर समस्या बढ़ती ही जा रही है। मिट्टी की गुणवता कम होती जा रही है ऐसे में हमें जैविक खेती व वृक्षारोपण को बढ़ावा देना होगा। सरिता योगी व राजेन्द्र यादव ने गांधीवन की भूमि की लीज अवधि बढ़ाने के लिये दी गये आवेदन को जल्द स्वीकृत कराने हेतु विधायक मीणा से मांग की।

मुकेश खोरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासन, अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं, अधिवक्तागण, पत्रकार तथा अन्य संस्थाओं पदाधिकारिगण उपस्थित थे जिनमें सुनिता मीणा, ललित पारीक, रामकिशोर शर्मा, अभिषेक जैन, नाजिमा खान, फिरान खान, ईरशाद खान, अफजल खान, मुन्शी, धमेन्द्र जैन, सोनल, कनिका जोशी, घनश्याम, भारत अग्रवाल, आनन्द वर्द्धन, डॉ. गणेश, हनुमान नायला आदि। संस्था के पदाधिकारी फजले अहमद ने सभी आगन्तुकों व अतिथियों का समारोह में भागीदारी व आने के लिये आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# महंगी बिजली के बिलों ने उड़ाई नींद, पहले से आ रहा है जुड़कर फ्यूल सरचार्ज

**बरकात हसीन**

टोंक (रॉयल पत्रिका)। महंगी बिजली ने आम लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। वैसे तो हर वर्ग के लोग ही महंगी बिजली और भारी भरकम बिल राशि आने से काफी दुविधा में नजर आते हैं। सरकार महंगी बिजली में राहत देने के मूड में नजर नहीं आती है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के चलते लगभग 50 और उसके आसपास तापमान के रहने के बाद प्रदेश में कई जिलों की तरह टोंक में भी बिजली विभाग ने भयंकर बिजली कटौती की है हर कभी बिजली जाने से आम आदमी का जीना मुश्किल हो जाता है। हर कभी दिन में लाइट जाने के बाद अब जान लेती गर्मी मैं रात को भी शहर के कई क्षेत्रों में आठ 10 बार काफी समय के लिए लाइट कट की जाती रही है। उधर बिलों में भारी भरकम राशि आने से आम लोगों के सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। अभी हाल ही में विधानसभा में महंगी बिजली और फ्यूल सरचार्ज को लेकर विपक्ष के रूप में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध किया और लोगों को राहत देने की मांग की, जबकि सरकार ने महंगी बिजली के मामले में राहत देने को लेकर कोई संकेत नहीं दिए। उल्लेखनीय कि चुनाव से पहले भाजपा की आम रैलियों में कांग्रेस की सरकार में महंगी बिजली को लेकर और फ्यूल सरचार्ज को लेकर कड़े विरोध किए थे और महंगी बिजली में राहत देने को



लेकर हर जगह रेलियो में आवाज उठाई जा रही थी। लेकिन सरकार में आने के बाद भाजपा नेताओं ने महंगे बिजली के मामलों और महंगी बिजली को लेकर चुप्पी साध रखी है यहां हाल ही में टोंक में कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके बिल में फ्यूल सर चार्ज के रूप में बड़ी राशि जुड़कर आ रही है एक उपभोक्ता के अनुसार कुल 400 से अधिक यूनिट बनने पर जो बिल राशि आई है उसमें 2921 रुपए विद्त खर्च है 690 रुपए स्थाई शुल्क जुड़ा हुआ है। 346 ₹ के लगभग फ्यूल सरचार्ज है 182 रुपए विद्त शुल्क है और 68 रुपए के लगभग नगरी उपकर है। लोगों का कहना है की यूनिट के आधार पर विद्त खर्च की आने वाली राशि को छोड़कर स्थाई शुल्क और विद्त शुल्क हर बार बिलों में जुड़कर आता है। विद्त खर्च को छोड़कर एक हजार से बारासौ रूपये के लगभग शुल्क इस बिल में राशी जुड़ी हुई है। आम उपभोक्ताओं का मानना है की जानलेवा गर्मी से बचने के लिए मजबूरी में लोगों को कूलर और पंखे चला कर रहना पड़ा। यह सही है कि यदि पंखे और कूलर का आसरा नहीं होता तो कई लोगों को अपनी जान से गर्मी के कारण हाथ धोना पड़ सकता था। हालांकि कांग्रेस सरकार के रहते 100 यूनिट बिजली की राशी की छूट के बाद भी लोगों को पिछले महीनो में भारी राशी चुकाना पड़ी है, जिससे उनका घर का महीने का बजट काफी गड़बड़ा गया है। उपभोक्ता चाहते हैं की सरकार विद्त खर्च को अलावा स्थाई शुल्क विद्त शुल्क और फ्यूल सरचार्ज जैसी राशी ना लेकर लोगों को राहत प्रदान करे। आम उपभोक्ता अभी तक यह नहीं समझ पाए हैं कि हर महीने बिलों में स्थाई शुल्क और विद्त शुल्क को किस आधार पर और क्यों जोड़कर बिलों में यह राशि ली जाती है। बहरहाल बढ़ती महंगाई, रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और सरकार की अंधेखी के चलते टोंक की बहुत बड़ी आबादी को बिजली के बिल राशी चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी रिकॉर्ड में गरीब जिलों की सूची में आने वाले टोंक शहर के लोग महंगी बिजली के बिलों को लेकर परेशान है।

# टोंक के उनियारा देवली विधानसभा के उप चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस में रस्साकशी शुरू

टोंक (रॉयल पत्रिका)। टोंक जिले की उनियारा देवली विधानसभा क्षेत्र मैं विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। याद रहे कि यहां से कांग्रेस के हरीश मीणा ने भाजपा के विजय बैसला को विधानसभा के मुख्य चुनाव में परास्त कर यह सीट जीती थी। हरीश मीणा यहां से विधायक बने थे, हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में हरीश मीणा ने कांग्रेस से सांसद के उम्मीदवार के रूप में टिकट लेकर लोकसभा का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह भाजपा के दो बार के सांसद रहे सुखबीर सिंह जौनपुरिया से चुनाव जीत कर टोंक सवाई माधोपुर के सांसद बने हैं। हरीश मीणा के सांसद बनने के बाद उनियारा देवली विधानसभा क्षेत्र की सीट पर अब उप चुनाव होना है। रिक्त हुई सीट को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में यहां से विधायक का चुनाव लड़ने वालों के इच्छुक दावेदारों में जोरदार रस्साकशी देखी जा रही है। भाजपा से जहां चुनाव में परस्त हुए विजय बैसला फिर से टिकट की जुगाड़ में है, तो लोकसभा चुनाव में परस्त हुए सुखबीर सिंह जौनपुरिया भी इसी सीट से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा से टिकट पाने के प्रयास में लगे हुए हैं। विजय बैसला और सुखबीर सिंह जौनपुरिया दोनों ही चुनाव हारने के बाद टोंक के कई क्षेत्रों का दौरा भी कर चुके हैं और पार्टी जनों के साथ कई बैठकों में शामिल भी हो चुके हैं।





इसके अलावा भी जानकारी के मुताबिक भाजपा से टिकट लेने वालों में और भी कई नाम की चर्चा चल रही है। उधर कांग्रेस के खेमे में भी देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कई नाम पर विचार किया जा रहा है। यहां यह भी गोरतलब है की देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र से टोंक के विधायक सचिन पायलट और वर्तमान सांसद हरीश मीणा की आम सहमति से ही कोई नाम सामने आने की उम्मीद लगाई जा रही है। जहां कांग्रेस इस चुनाव को जीतने को लेकर उत्साहित नजर आ रही है, तो वहीं भाजपा भी इस सीट को जीतने के प्रयासों में कोई कमी छोड़ने के मूड में नजर नहीं आ रही है। अन्य दल भी चुनाव में कूदने की तैयारी में लगे हुए हैं इस सीट पर चुनाव कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए ही प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। भाजपा के मौजूदा सरकार के चलते भाजप चाहती है कि वह यह सीट हर हाल में जीते तो वहीं कांग्रेस इस सीट को वापस अपने पास रखकर यह संदेश देना चाहती है कि भाजपा की सरकार से आम जनता को कोई राहत नहीं मिल रही है। यदि कांग्रेस जीतती है तो भाजपा के लिए यह पराजय कई सवाल खड़े करेगी और आने वाले दिनों में अब यह देखने की बात होगी कि भाजपा और कांग्रेस किन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करती है। चुनाव की तैयारी को लेकर जहां भाजपा के कई बड़ी नेता इस सीट को जीतने के लिए मंथन कर चुके हैं, तो वहीं कांग्रेस भी चुनाव में जीतने के लिए कसरत में जुटी हुई है।

# 'माँ के एक पेड़' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत मण्डा- भिण्डा के ही स्थित तीजा वाली ढाणी स्वं . सत्यनारायण यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर भामाशाह उनकी धर्मपत्नी पत्नी संतोष देवी पुत्र राम प्रकाश यादव , शंकर लाल पुत्र वधू श्रीमती मम्मू यादव पंचायत शिक्षका भामाशाह ने कई दिनों से वाटर कूलर की कमी देखते हुए विद्यालय की पूर्ति की है । इस कार्यक्रम में चोमू क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व भामाशाह व प्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर में मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रचलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया । पूर्व विधायक शर्माने वाटर कूलर का फीता काटकर वाटर कूलर को चालू किया । इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक शर्मा ने कहा ऐसी



पुण्यतिथि में फिजूल का खर्चा ना करके ऐसा कार्यक्रम करना चाहिए जिससे याद दस्ती बने रहे, भामाशाह ने विद्यालय की कमी को पूरी की है जिससे छात्र-छात्राओं को वाटर कूलर का पेयजल मिलना शुरू होगा । इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व विधायक शर्मा ने भामाशाहों के द्वारा जयपुर विकास संस्था के द्वारा अशोक का पेड़ व निशुल्क अभ्यास पुस्तिकाएं व पाठ्यपुस्तक बीच छात्र -छात्रों को वितरित की। इस अवसर पर ग्राम स्थानीय निवासी परमानंद, सूरजमल , बाबूलाल , उमराव, धर्मेंद्र , श्री राम , संतोष , बलराम, सीताराम , हरिहर शर्मा , रामकिशोर , रामलाल , जय राम , गोपाल , रिंकू जोशी , छीतर मल जांगिड़ , भगवान सहाय यादव सहित समस्त स्टाफ व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपल्दा के भवन निर्माण एवं खेल मैदान के लिए भूमि आवंटित

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपल्दा की मांग, तहसीलदार खण्डार के



प्रस्ताव एवं उपखण्ड अधिकारी खण्डार की अभिशंषा पर ग्राम पीपल्दा की 2 बीघा भूमि राजस्थान भू-राजस्व नियम, 1963 के अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपल्दा के भवन निर्माण एवं खेल मैदान के लिए शिक्षा विभाग को शर्तो एवं निबन्धनों पर निःशुल्क आवंटित की है।

इसी प्रकार ग्राम बन्धवाल की 0.3215 हैक्टेयर बंजड (सिवायचक) भूमि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 92 के अन्तर्गत वन विभाग को वनरोपण के लिए शर्तो एवं निबन्धनों पर आरक्षित की है।

# सांगानेर की सांस्कृतिक धरोहर बचाने की जरूरत

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर की सांस्कृतिक धरोहर बचाने के लिए सिर्फ बोर्ड लगाने की नही जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है। सांगानेर एक ऐतिहासिक




नगरी है जो राजा महाराजाओं के जमाने में विकसित हुआ करती थी। बुजुर्गों से मिली जानकारी के अनुसार इसके चारों ओर चार दरवाजे जयपुर शहर की तर्ज पर बने हुए थे। जिनका नाम मालपुरा गेट, दौसा गेट ,चाकसू गेट ,और जयपुरिया गेट के नाम से सभी लोग जानते थे। लेकिन 1980 में बाढ़ आने के बाद दौसा गेट धरासाई हो गया। अब सिर्फ तीन गेट बचे हुए हैं। जिनकी पहचान धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। नगर निगम सांगानेर जॉन के उपायुक्त गोर्धन लाल शर्मा ने दरवाजों का इतिहास जानने के लिए तीनों दरवाजों पर बोर्ड लगाकर सकारात्मक पहल की है। लेकिन यह सच्चाई है कि, सांगानेर की पुरानी यादों के दरवाजे अपने जीर्णोद्धार के लिए,अपने रंग-रोगन के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

जिससे उनकी ऐतिहासिक यादों को लंबे समय तक सांगानेर क्षेत्रवासी संजो कर रख सकें। इसकी अति आवश्यकता है। हमारे सांगानेर में कई ऐतिहासिक मंदिर, दरगाह, बावड़ी मौजूद है। इनको भी अवाम की जानकारी में लाने की आवश्यकता है। उनके इतिहास को भी बोर्ड लगाकर दर्शाने की कोशिश करनी चाहिए।

# अणतंपुरा सरपंच यादव ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर 50 स्कूली बैग व फल का वितरण किया

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत अणतंपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्रो पर 31 जुलाई तक चल रहा अभियान के दौरान गोविंदगढ़ कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा एवं गोविंदगढ़ के सी बीई ओ राम सिंह मीणा अणतपुरा सरपंच बद्रीनारायण यादव के द्वारा स्कूली बैग फलो का वितरण



का कार्यक्रम आयोजन हुआ। इसी प्रकार गोविंदगढ़ के बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा ने बताया कि अणतंपुरा - चिमनपुरा के अधीन आगंन बाड़ी केंद्र अणतपुरा पर आगंन बाड़ी चलों अभियान अभियान के अंतर्गत अंतपुरा चिमनपुरा पंचायत 28 नये बच्चों का प्रवेशोत्सव मनाया गया। महिलाओं की आगंन बाड़ी चलों अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। 10 महिलाओं की गोंद भराई कार्यक्रम भी किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा सी बी ई ओ रामसिंह मीणा , महिला पर्यवेक्षक शांता सोनी , ब्लाक कोर्डिनेटर अमित खण्डेलवाल , वेदांता सुपरवाइजर अशोक यादव , और बच्चों के माता- पिता मौजूद रहे और सरपंच बद्री प्रसाद यादव द्वारा बच्चों को फल वितरित किए गए, अंतपुरा चिमनपुरा उप सरपंच शंकर लाल यादव भी उपस्थित रहे इटावा सेक्टर की समस्त कार्यकर्ता मौजूद रही। अबेंडकरयुवा विकास कर्मचारी संघ द्वारा बच्चों को 50 स्कूल बैग वितरण किए गए ।

# कालाडेरा में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत कालाडेरा औद्योगिक क्षेत्र के स्थित सहायक अभियंता सुबह रात्रि को अधोषित विधुत कटौती को लेकर रिटायर शिक्षाविद् बनवारी लाल सांखला के नेतृत्व में विद्त ग्रेड परिसर पहुंचकर अपनी टीम के द्वारा सहायक अभियंता को विद्त कटौती नहीं करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कार्यालय सहायक अभियंता ओधौगिक क्षेत्र कालाडेरा में सहायक अभियंता पी.सी.मीणा को रात्रि में अघोषित विधुत कटौती बन्द करवाने के सन्दर्भ में शिष्टमंडल के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की और विधुत कटौती के बारे में विचार विमर्श करके सहायक अभियंता कालाडेरा ने शिष्टमंडल के सदस्यों को विश्वास दिलाया की आपूर्ति सही समय पर दी जावेगी। शिष्टमंडल में वार्तालाप करने

## कविता

पनघट पर एक गौरी आयी चंचल और नादान
पहनकर वासंती परिधान

गागर से जल छलक छलक धरती की प्यास बुझाए
तेरे यौवन की ख़ुशबू से जंगल महका जाए
अंग अंग तेरा नाच रहा जंगल में मोर समान
पहनकर वासंती परिधान

नयनों में मदिरा लहराए ,रुप की है मधुशाला
सुरबाला के हाथ में है अनुरागी मौसम का प्याला
दिल के साहिल से उठ्ठा प्यास का ये तूफान
पहनकर वासंती परिधान

सपन कुंवारे संग पवन के चांदनी रात में डोले
बिन ब्याही अल्हड़ दीवानी सपनों में यूं बोले
संबंधों की चौखट पर कब आओगे नादान
पहनकर वासंती परिधान

मौलिक रचना - फ़ज़लुर्रहमान

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# आबकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र प्रजापति 1 लाख 70 हजार रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर ग्रामीण इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये कैलाश चन्द्र प्रजापति जिला आबकारी अधिकारी, दौसा को परिवादी से 1 लाख 70 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी दौसा शहर में संचालित तीन लाईसेंसशुदा शराब की दूकानों को निर्बाध रूप से चलने देने की एवज में मासिक बन्धी के रूप में आरोपी कैलाश चन्द्र प्रजापति जिला आबकारी अधिकारी, दौसा द्वारा 1 लाख 80 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी जयपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी कैलाश चन्द्र प्रजापति जिला आबकारी अधिकारी, दौसा को परिवादी से 1 लाख 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# हाई सिक्योरिटी प्लेट का आवेदन कर दिया तो नहीं कटेगा चालान

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) पर बढ़ती पेंडेंसी को देखते हुए परिवहन विभाग





ने ऑनलाइन आवेदन करने वाले वाहन मालिकों का बड़ी राहत दी है। परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने ट्रैफिक पुलिस को चालान नहीं करने के लिए पत्र लिखा है। इसमें लिखा है कि जिन लोगों ने सियाम पोर्टल पर नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर दिया है, उनका चालान नहीं किया जाए। अरोड़ा ने बताया कि आवेदन करने वालों को ट्रैफिक पुलिस को आवेदन की स्लीप दिखाना अनिवार्य होगा।

इसलिए बढ़ रही है पेंडेंसी; राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट संबंधित डीलर्स के यहां लग रही है, लेकिन राजस्थान ने कुछ कंपनियों को ही नंबर प्लेट लगाने के लिए अधिकृत कर रखा है। ये कंपनियां देरी से डीलर्स को नंबर प्लेट उपलब्ध करा रही है। अगर कंपनियों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए तो जल्दी वाहनों पर नंबर प्लेट लग सकती हैं और इससे पेंडेंसी भी खत्म होगी।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर शहर में जयपुर नगर निगम के सफाई कर्मियों ने अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर कई दिनों से हड़ताल कर रखी है। लेकिन जयपुर नगर निगम द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण विश्व प्रसिद्ध गुलाबी नगर गंदगी का शहर बनता जा रहा है। शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर नज़र आता है। बारिश के मौसम में यह कचरा सड़कों, चौराहों, मौहल्लों और गलियों में फैलता ही दिख रहा है, सभी इलाकों में गंदगी की बदबू फैल रही है जिसके कारण लोगों में संक्रामक रोग होने का भी खतरा बढ़ गया है। जिसका समाधान अतिशीघ्र होना आवश्यक है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का इस्तक़बाल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान ने भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर 28 जुलाई सुबह शिष्टाचार भेंट की एवं हार्दिक बधाइयां व मुबारकबाद दी एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, मोर्चा पूर्व प्रदेश



अध्यक्ष एम. सादिक खान, डॉ.मजीद मलिक कमांडो, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, एससी मोर्चा कोटा शहर पुर्व जिला अध्यक्ष अशोक बादल सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांगानेर का बहुचर्चित अतिक्रमण हटाओ अभियान चढ़ा राजनीति की भेंट

## -पीले पंजे का अजीब खेल अपनों को छोड़ा पराए को रौंदा

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। ग्रेटर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान बड़े जोर शोर के साथ प्रारंभ हुआ था।उनके प्रचार प्रसार से लग रहा था कि, इस बार ग्रेटर नगर निगम को जेडीए वाले अतिक्रमण मुक्त करके ही छोड़ेंगे। सुधार कर ही सांस लेंगे। लेकिन सांगानेर पहुंचते पहुंचते पीले पंजे की धार कुंद होती चली गई। और वो ही पुरानी सांस फूलने की बीमारी उखड़ आई।अधिकारियों की आंखों पर बंधी इंसाफ की पट्टी ने उतरकर चश्मे का रूप धारण कर लिया और अंधा बांटे रेवड़ी चिन चिन के दे।बाली कहावत शुरू हो गई। और हमेशा से कहते आए हैं क्या हुकम है मेरे आका का तमाशा प्रारंभ हो गया।और ऊपर से आए दबाव में उनकी सोच अपने-पराए में,अमीर गरीब में, परिवर्तित होती चली गई। कहीं पर तोड़ा गया और कहीं पर छोड़ा गया का खेल शुरू हो गया। गरीब आंखें मसलते रहे अमीर मुस्कराते रहे, कारवां बडता गया। सबके साथ एक ही इंसाफ का दामन छोड़कर अधिकारी मजबूरी में हां में हां मिलाते रहे। जनता पुलिस के डर से मायूस बनकर गम भरी आंखों से देखती रही। हमारे सांगानेर संवाददाता सादिक हिंदुस्तानी ने जेडीए सीआई नरेन्द्र सिंह से पूछा कि आपके अतिक्रमण हटाओ अभियान में गरीबों के साथ नाइंसाफी क्यों हो रही है।अपने पराय का खेल क्यों खेला चल रहा है। किसी को छोड़ा जा रहा है और किसी का तोड़ा जा रहा है।



सीआई नरेंद्र सिंह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा डिप्टी चावला इस अभियान को लीड कर रहे हैं वह आपके सवालों का जवाब देंगे। जब हमने डिप्टी चावला से सवाल पूंछने की कोशिश की तो वह हमारे सवालों से अकबका गए।उनके पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं था और डिप्टी चावला ने अपनी गाड़ी का शीशा बंद कर लिया। हम बार-बार शीशा खटखटाते रहे। सवालों की बौछार करते रहे। सवाल पूंछते रहे और वह बालक हठ की तरह हमको देखते रहे। लेकिन कोई जवाब ना दे सके। यह हम नहीं पूछ रहे हैं। यह सांगानेर की जनता पूछ रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कार्यक्षेत्र सांगानेर विधानसभा की जनता पूछ रही है।आखिर गरीबों के साथ अन्याय क्यों हो रहा है?ऐसी भेदभावपूर्ण कार्यवाही क्यों हो रही है? सबके साथ समान व्यवहार क्यों नहीं हो रहा है। क्या मुख्यमंत्री जी ऐसे अधिकारियों से जवाब मांगेंगे और उनके खिलाफ कोई कार्यवाही करेंगे। सांगानेर की जनता को इंतजार रहेगा। हमारे न्याय प्रिय मुख्यमंत्री अवश्य कार्यवाही करेंगे और सांगानेर के विकास में आने वाली हर अडचनों को,लापरवाही करने वाले अधिकारियों को दूर करेंगे।

# दलित महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दलित महिला मंच, दलित मानवाधिकार केंद्र समिति व सोसाइटी ऑफ डिप्रेस्ड पिपुल फॉर सोशल जस्टिस के संयुक्त तत्वाधान में 23-24 जुलाई 2024 को दलित महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर राजस्थान प्रौढ शिक्षण शिक्षण समिति में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें अलवर, भरतपुर, दौसा, अजमेर, गंगापुर सिटी, करौली, सवाई माधोपुर व जयपुर की लगभग 60 महिलाओं ने भाग लिया।



दलित अधिकार की स्टेट कोऑर्डिनेटर खुशबू सोलंकी ने सर्वप्रथम सभी का स्वागत किया और दलित महिला मंच व दलित अधिकार केंद्र के बारे में परिचय दिया।

अहमदाबाद से आई हुई प्रतिष्ठित ट्रेनर शम्पा बटब्याल ने महिला सशक्तिकरण व उसके प्रकार एवं विशेषताओं के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक,सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व मानसिक रूप से सशक्त होना अति आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व को उभारने के लिए कैसे और क्या कदम उठाने की आवश्यकता है? इसके बारे में विस्तार से समझाया। दोनों दिन समूह एक्टिविटी करवा कर उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का काम किया।

दलित महिला मंच की स्टेट कोऑर्डिनेटर कश्मीरा सिंह ने महिलाओं की स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर वर्तमान समय तक की स्थिति का विश्लेषण किया और वर्तमान समय में महिलाओं की क्या स्थिति है? इसके बारे में महिलाओं को अवगत कराया और महिलाओं के लिए जागरूकता शिक्षा और अधिकारों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है, तभी महिलाएं सशक्त बन सकती हैं और सशक्त बनकर वे एक अच्छा नेतृत्वकर्ता (लीडर) बन सकती हैं, यह बताया। उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को दलित महिलाओं का उद्धारक बताते हुए उनके द्वारा कहे गए कथनों "शिक्षा में शेरनी का दूध है जिसे जो पियेगा वह दहाड़ेगा" तथा "शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो" के द्वारा महिलाओं को शिक्षा और संगठन का महत्व समझाया।

कश्मीरा सिंह ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, व राजनीतिक रूप सक्षम बनाने और आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया। गांव में अधिक से अधिक लीडर बनकर आगे आएं और आने वाले पंचायती राज व निकाय चुनावों में दलित महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक हो इसके लिए प्रेरित किया और उसके गुर सिखाएं।कश्मीरा सिंह ने महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी उन्होंने महिला सुरक्षा कानून, पॉक्सो कानून, पोस कानून, एससी एसटी कानून, मैटरनिटी कानून, दहेज प्रथा उन्मूलन कानून आदि कानूनों की जानकारी दी और महिलाओं को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार से महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में समझाते हुए आगे की चुनौतियों का सामना कैसे करें? यह समझाया और महिलाओं को कविता के माध्यम से भी मोटिवेट किया।

दलित अधिकार केंद्र के मुख्य कार्यकारी एडवोकेट हेमंत कुमार मीमरोठ जी ने भी कानूनों के बारे में जानकारी दी।

दलित अधिकार केंद्र के निदेशक सतीश कुमार एडवोकेट ने भी महिलाओं को और आगे कैसे बढ़ाया जा सकता है, कैसे उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सकता है। इसकी आगे की रणनीति के बारे में बताया और महिलाओं को और भी ट्रेनिंग देने के लिए आश्वथ्य किया।

# रावणा राजपूत समाज की मीटिंग सम्पन्न

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। विक्रम सिंह पंवार, महासचिव जयपुर शहर कांग्रेस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार प्रातः 11 बजे शान्ति नगर में समाज के प्रबुद्ध जनों कि मीटिंग का आयोजन किया गया।



मीटिंग में मुख्य उद्देश्य कोर्ट द्वारा स्वर्गीय आनंद पाल सिंह एनकाउंटर केस में पुलिस पर दफा 302 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू करने के आदेश का सभी ने स्वागत किया और भविष्य में स्वर्गीय आनंद पाल सिंह जी के परिवार जन को जो भी निर्णय या सहयोग चाहते हैं के लिए संगठन उनके साथ होगा।

मीटिंग में राजस्थान रावणा राजपूत महासभा के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह रावणा, नन्द सिंह राजावत पूर्व अध्यक्ष, भंवर सिंह चिरांणा सलाहकार, भंवर सिंह शेखावत, बनवारी सिंह गौड़, मौहब्बत सिंह चौहान, रूपसिंह, परमेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह पंवार, मानसिंह, बन्टी, के साथ सामाजिक प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। मीटिंग कि अध्यक्षता दिलीप सिंह राजावत अध्यक्ष राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर ने की।

# मोबाईल लूट की वारदात करने वाले मुल्जिम गौरव उर्फ गोलू को किया गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर है ने बताया कि परिवादी ने दर्ज करवाया कि वीआईटी कॉलेज के सामने बीटू चाय की दुकान पर बेठा था। जहाँ पर गोलू जांगीड उर्फ गौरव निवासी श्रीरामपुरा अपने साथीयो के साथ पूर्व से बैठा था। गौरव उर्फ गोलू जांगिड मेरे पास आया मेरे थपड मारे और मेरा आई-फोन छीन कर ले गया। आदि रिपोर्ट पर अभियोग पंजिबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में वांछित मुलजिमानो की तलाश के लिए थानाधिकारी पुलिस थाना रामनगरिया जयपुर पूर्व अरूण कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

**तरिका वारदातः -** प्रकरण हाजा में गिरफ्तारशुदा मुल्जिम आपराधिक प्रवृति का शख्स है, जो मारपीट व छीना छपटी की वारदात करने का आदी है। आपराधिक घटना करने की आदत के चलते ही परिवादी के साथ मारपीट कर उसका मोबाईल छीन लिया। प्रकरण की वारदात करने वाला मुल्जिम गौरव उर्फ गोलू प्रकरण मे गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। प्रकरण के मुलजिम की गिरफ्तारी हेतू गठित विशेष टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए तथा मैनूअल पुलिसिंग करते हुए तथा संभावित स्थानों पर दबीश देकर प्रकरण हाजा की वारदात करने वाले मुल्जिम गौरव उर्फ गोलू को दस्तीयाब करने में सफलता प्राप्त की।

# सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर लिटिल दानिश ने किया जयपुर में मीटअप

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सोशल मीडिया स्टार लिटिल दानिश ने जयपुर में अपने प्रशंसकों के साथ मीट अप किया। इस दौरान अपने प्रशंसको के साथ उन्होंने फोटो खिंचवाए और बातचीत भी की। दानिश खत्री जिन्हें सोशल मीडिया पर लिटिल दानिश के नाम से जाना जाता है, ने रविवार को जयपुर के अल्बर्ट हॉल म्यूजियम पर अपने फन से मुलाकात की। इसके बाद वे रामगंज बाजार स्थित होटल काबुल चिकन सज्जी पहुंचे। इस दौरान युवाओं एवं फैंस की भारी भीड़ ने उन्हें घेर लिया एवं सेल्फी खिंचवाने के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

दानिश एक सोशल मीडिया एंटरट्रेनर के साथ इनफ्लुएंसर भी हैं। उन्होनें लिप सिंकिंग ऐप, टिकटॉक, जोश एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से लोकप्रियता अर्जित की है। सोशल मीडिया पर इनके लाखो की संख्या में फालोवर भी हैं। इस मौके पर काबुल चिकन सज्जी के ओनर मोहम्मद हसीन कुरैशी ने बताया कि दानिश को उनके यहाँ का अफगानी खाना बेहद पसंद आया। साथ ही उन्होने यहाँ आकर जयपुर के युवाओं का



दिल भी जीत लिया।

बता दें कि काबुल चिकन सज्जी जयपुर में अफगानी डिश के लिए प्रसिद्ध जगह है। इससे पूर्व भी यहाँ कई बॉलीवुड एवं क्रिकेट सितारे आ चुके हैं।

# शातिर मुल्जिम मनीष स्वामी को हरमाड़ा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

## -मुल्जिम के क जे से चोरी गया सामान बरामद
## -मुल्जिम ने चोरी के अन्य वारदातों को अंजाम देना किया स्वीकार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित बुडानिया ने बताया कि परिवादीया कुसुम कंवर निवासी विजय नगर विस्तार पुजा पब्लिक स्कुल के पास दौलतपुरा रोड बैनाड थाना हरमाडा जिला जयपुर ने 15 जुलाई 2024 को अपने मकान का ताला तोडकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा नकदी व गहने चोरी के संबंध में पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम पर रिपोर्ट पेश की जिस पर मुकदमा नम्बर 496/2024 धारा 305 (ए). 331 (4) बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। इसी क्रम में हरमाडा थाना क्षेत्र से 15 जुलाई 2024 को हुयी नकबजनी की वारदात के खुलासे व माल मुल्जिमान की तलाश हेतू मन पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित बुडानिया के निर्देशन एवं अति० पुलिस उपायुक्त पश्चिम नीरज पाठक एवं सहायक पुलिस आयुक्त चौमु, अशोक चौहान के सुपरविजन एवं दिलीप खदाव पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम द्वारा किये गये प्रयासः गठित टीम द्वारा परिवादीया के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया तथा संदिग्ध को चिन्हित कर उसके आने जाने के रास्ते को चिन्हित किया गया तथा इस दौराने रास्ते में लगे सैकडों सीसीटीवी कैमरें चैक किये गये। प्राप्त हुलिये के अनुसार आरोपी मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या को गिरफतार कर नकबजनी की वारदात का खुलासा करत हुय मुल्जिम से माल बरामद किया गया है। मुल्जिम मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या ने अपने अन्य साथी के साथ जयपुर में अनेकों स्थानों पर मंदिरों व सुने मकानों मेंचोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपी से चोरी नकबजनी की अन्य वारदातों में संलिप्तता को लेकर गहन अनुसंधान जारी है।

मुल्जिम मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या स्मैक का नशा करने का आदि है जिसको स्मैक के लिये पैसे नहीं मिलने पर वह बंद मकानों, मंदिरों को चिन्हित कर उनमें चोरी की वारदात को अंजाम देता है तथा वारदात करने के बाद मिले सामान को ओने पोने रूपयों में बेचकर स्मैक पीता है।

.मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या पुत्र श्री बन्टी स्वामी जाति स्वामी उम्र 19 साल निवासी पेंटर कोलोनी खलील के चौराये के पास पुलस थाना शास्त्रानगर जयपुर हाल-पूजा पब्लिक स्कुल के आगे ज्ञानजी फार्म के पास आवला फार्म के सामने पुलिस थाना हरमाडा जिला जयपुर पश्चिम का रहने वाला है।

मुल्जिमों को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल सदस्यः-

दिलीप खदाव पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम,

इमरत सिंह उ.नि. पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम,

सत्यवीर हैड कानि. 666 पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम,

दयाराम कानि 2668 पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम,

तेजाराम कानि. 7232 पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम,

कमल कानि. 10222 पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम.

7. श्री अश्वनी कानि. 10927 पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम ।

# आदर्श नगर थाना पुलिस ने अलग-अलग अदालतों से फरार दो महिलाओं सहित कुल 8 वारन्टी किये गिरफ्तार

## -गिरफ्तार शुदा वारन्टी कमलेश शर्मा अलग-अलग अदालतों से 4 मामलों में था फरार ।
## -विशेष अभियान के तहत कुल 14 वारन्टों का किया निस्तारण ।

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सागर आई.पी.एस. ने बताया कि पुलिस आयुक्त महोदय आयुक्तालय जयपुर द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त थानाधिकारीगण को निर्देशित किया गया ।

उक्त निर्देश की पालना में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी आर.पी.एस., सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर जयपुर पूर्व सुश्री लक्ष्मी सुथार आर.पी.एस के सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर सुभाष चंद पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना आदर्श नगर पर अलग अलग पुलिस टीम का गठन किया जाकर स्पेशल टास्क दिया गया।

उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा वांछित अपराधियों व स्थाई वारन्टियाँ/गिरफ्तारी वारन्टियों की पतारसी करने हेतु मुखबिर खास मामूर कर तलास की गई व दो महिला वारन्टियों सहित कुल 8 गिरफ्तारी वारन्टियों को गिरफ्तार किया गया एंव कुल 14 गिरफ्तारी वारन्टों का निस्तारण किया तथा एक अन्य आरोपी को शान्ति भंग में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए वारन्टी इस प्रकार है-

1. श्रीमती केसरी देवी पत्नी स्व. बाबूलाल सांसी उम्र 55 साल निवासी टीला नंबर 6वी जवाहर नगर कच्ची बस्ती, जवाहर नगर, जयपुर ।
2. श्रीमती पदमा देवी पत्नी बबलू जाति हरिजन उम्र 45 वर्ष निवासी मकान नंबर सी-2 अमृतपुरी घाटगेट जयपुर
3 कमलेश कुमार शर्मा पुत्र ग्यारसीलाल शर्मा जाति शर्मा उर्म 37 साल निवासी नयाकुवां की ढाणी रामजीपुरा पोस्ट नायला तहसिल जमवारामगढ जिला जयपुर ।
4. मोहम्मद जाकिर पुत्र अ. खालिक जाति मुसलमान उम्र 48 साल निवासी प्लाट नंबर 04- 05 फतेह टीबा आदर्श नगर जयपुर ।
5. सलमान खांन पुत्र सत्तार खांन उम्र 32 वर्ष निवासी मकान नंबर 4/493 टीला नं. 2 कच्ची बस्ती जवाहर नगर जयपुर।
6. हीरालाल महावर पुत्र लादूराम जाति कोली उम्र 31 वर्ष निवासी मकान नंबर 261 जोबनेर माता मंदिर के पीछे गांधी कोलोनी ब्रह्मपुरी जयपुर।





## रॉयल पत्रिका

### संपादकीय...

# भारत में बेरोजगारी की दर 9.2% फ़ीसदी पहुंची

केंद्र सरकार ने देश का बजट संसद में पेश कर दिया है मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में सरकार का एक बड़ा फोकस रोजगार सृजन और कौशल विकास पर रहा है । बिना कौशल विकास के पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारी की चपेट में आ रहे हैं । उनको उचित स्तर की नौकरी और जॉब नहीं मिल पा रहा है । भारतीय युवा पढ़े-लिखे तो हैं लेकिन उनमें कौशल नहीं है, यही कारण है कि बेरोजगारी बढ़ती जा रही है । सीएमआईई के अनुसार बीते जून माह में भारत में बेरोजगारी की दर 9.2 फ़ीसदी पहुंच गई है, जो साल की शुरुआत यानि जनवरी में 6.8 फ़ीसदी थी । अगर वैश्विक बेरोजगारी दर (5.1%) को देखें तो उसकी तुलना में हमारे यहां बेरोजगारी की समस्या भीषण प्रतीत होती है । भारत में बेरोजगारी की सबसे बड़ी वजह तो यही है कि बाजार में मांग कम होने से उतनी नौकरियां पैदा नहीं हो रही हो पा रही हैं, जितनी जरूरत है । फिर नया निवेश भी अपेक्षाकृत उतना नहीं आ रहा है, जिससे कि इंडस्ट्री को नए वर्क फोर्स की दरकार हो । इंडियन एम्पलाईमेंट रिपोर्ट 2024 के मुताबिक भारत में हर साल लगभग 70-80 लाख युवा नौकरी की तलाश में लेबर फोर्स में शामिल हो जाते हैं । भारत में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 फ़ीसदी युवा हैं । शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है, 2000 में ऐसे युवा 35.2% थे जो 2022 में बढ़कर 65.7% हो गए हैं । जबकि अशिक्षित या कम शिक्षित युवाओं में दर केवल 3.4 फ़ीसदी है । शिक्षित लोगों में बेरोजगारी बढ़ने की एक बड़ी वजह यह है कि हमारे युवाओं के एक बड़े हिस्से के पास डिग्री है, लेकिन जरूरी कौशल नहीं है । एक रिपोर्ट के अनुसार देश के 53 फ़ीसदी इंजीनियर्स के पास डिग्री होने के बावजूद इंडस्ट्री के योग्य कौशल नहीं है । अमेरिका में फिलहाल 68 लाख लोग बेरोजगार हैं । यह संख्या 2014 के मुकाबले कम है, क्योंकि तब अमेरिका में 98 लाख बेरोजगार थे । कुल बेरोजगारी दर 2019 में 3.5 फ़ीसदी पर पहुंच गई थी । यह 50 वर्षों में सबसे कम थी । हालांकि कोविड -19 महामारी ने 2020 में बेरोजगारी को बढ़ा दिया, जो अप्रैल 2020 में 14.7 फ़ीसदी तक पहुंच गई थी । फिर धीरे-धीरे कम होने लगी । भारत की अपेक्षा यूरोप के देशों और चीन में बेरोजगारी कम है । भारत में बेरोजगारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एयर इंडिया द्वारा निकाली गई कुछ वैकेंसियों के लिए गत 16 जुलाई को मुंबई के कलीना में करीब 25 हज़ार युवा उमड़ पड़े । भारत सरकार ने बजट में इस बार भी रोजगार बढ़ाने के लिए ठोस उपाय नहीं किए हैं । बजट में युवाओं को कर्ज लेकर व्यवसाय शुरू करने पर जोर दिया गया है । सरकारी स्तर पर नौकरी देने का विशेष प्रावधान नहीं किया गया है । युवाओं को व्यवसाय के लिए ऋण आसानी से नहीं मिलता है, इसलिए आने वाले वर्षों में देश में बेरोजगारी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है क्योंकि केंद्र सरकार की ऐसी ठोस नीति सामने नहीं आई है जिससे कहा जाए कि देश के युवाओं को पर्याप्त रोजगार मिल जाएगा । इसलिए देश में बढ़ती बेरोजगारी देश के लिए चिंता का विषय है ।

# माँ की बद्दुआ का असर

मुसलिम शरीफ जिल्द सानी सफ़ा नं. 313 पर एक हदीस है, जिसका हासिल यह है कि हजरत अबू हुरेरा रजि.अ. रिवायत नकल करते हैं कि अल्लाह के रसूल स.अ.व. ने फरमाया कि बनी इसराईल में एक जरीह नामी बुजुर्ग थे। एक मरतबा वो अपने इबादत खाने में नमाज़ पढ़ रहे थे, अचानक उनकी वालिदा आई और पुकारने लगी ए जरीह ए जरीह, मगर चूंकि जरीह नमाज़ में मसरूफ़ थे, इसलिये कोई जवाब नहीं दिया, माँ वापस चली गई, फिर दूसरे तीसरे रोज़ भी यही वाकिया पेश आया, माँ ने ए जरीह ए जरीह कहकर पुकारा जवाब नहीं मिला तो माँ ने बद दुआ की ए अल्लाह जब तक यह ज़ानिया औरत का मुंह ना देखले ना मरे।

बहर हाल रफता रफता जरीह का इबादत में बहुत चरचा हो गया कि बड़े आबिद हैं, जाहिद हैं मुक्तकी और परहेजग़ार हैं, चुनाचि एक आवारह हसीन औरत जरीह के पास इबादत खाने में पहुंची, और जरीह नामी बुजुर्ग को अपनी ख्वाहिश परस्ती के जाल में फंसाना चाहा । बुजुर्ग जरीह तो कब्जे में ना आये मगर एक चरवाहा इबादत खाने में रहता था उसको फंसा लिया, और उससे केले बद (जिना) कर लिया, चुनाचि वो औरत हामिला हो गई, और उसने कुछ दिनों के बाद एक लडक़ा जना, तो उसने लोगों से कहा यह लडक़ा जरीह बुजुर्ग से है, मखलूक जमा हो गई आनन फानन में उन्होंने इबादत खाना गिरा दिया और जरीह बुजुर्ग को जदोकूब (खूब मारा) किया। हजऱत जरीह समझ गए यह मेरी वालिदा की बद हुआ का असर है, मगर यह भी ख्याल करते थे कि मैं नमाज़ से मशगुल था इस वजह से बारी तआला मुझे जरूर खुलासी और निजात देंगे।

बहर हाल जब लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई, मार पिटाई होती रही, खानकाह तहस नहस कर दिया गया, तो जरीह ने जुरअत और हिम्मत के साथ लोगों के मजमे से खिताब किया, और कहा कि क्या बात है? क्यों ज़दोकोप कर रहे हो, मेरी क्या गलती है तो लोगों ने कहा कि तूने इस औरत से जिन्ना किया है, जिसके नतीजे में लडक़ा पैदा हुआ है, जरीह ने कहा वो लडक़ा कहां है उसको लाओ, बहर हाल उस बच्चे को लाया गया, जरीह ने दो रकअत नमाज पढक़र उस बच्चे के पेट पर उंगली रख कर कहा बता! तेरा बाप कौन है? बच्चा बोला कि फुलां चरवाहा है, तमाम लोग नादिम व शर्मिन्दा हुए और बकमाले अदब जरीह नामी बुजुर्ग को कहने लगे कि अगर आप फरमायें तो आपका इबादत खाना सोने का बनवा दें, आप ने कहां नहीं वैसा ही मिट्टी का बनवा दो। बहर हाल जरीह बुजुर्ग ने माँ की बात ना सुनने की ज़हमत आंखों से देख ली।

इसलिये दोस्तों अम्मा की बात का फौरन जवाब देना चाहिये। नफ़िल नमाज़ पढ़ रहे हो, माँ ज्यादा परेशान नजऱ आ रही है तो नफिल नमाज़ की नियत तोडक़र जवाब दे दो, वो नफिल दुबारह अदा कर लो, हां फर्ज नमाज़ है तो नमाज़ पूरी करके वालिदा से मिलो उसके हुक्म को सुनो और उसकी फरमां बरदारी करो।

अल्लाह हम सब को अपनी मां की फरमा बरदारी करने और उसका हुक्म बजालाने की तौफीक अता फरमाए आमीन

(खुतबात असलम जिल्द बारह सफा 38 से 40)

**-हबीबुर्रहमान, एडवोकेट**

# 'द मिसाइलमैन' : दास्तान-ए-अब्दुल कलाम

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की बरसी पर विशेष



सपने वे नहीं होते, जो आपको रात में सोते समय नींद में आए बल्कि सपने वे होते हैं, जो रात में सोने ही न दें।

ऐसी बुलंद सोच रखने वाले मिसाइलमैन अबुल पाकिर जैनुलाआबेदीन अब्दुल कलाम (एपीजे अब्दुल कलाम) भारतीय मिसाइल प्रोग्राम के जनक कहे जाते हैं।

27 जुलाई, 2015 के दिन भारत रत्न अब्दुल कलाम का निधन हुआ था। उनका व्यवहार उनकी सादगी देश के लिए प्रेरणा का काम करती हैं और उनके विचार अमूल्य धरोहर हैं। उन्होने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में लगा दिया। जब कलाम ने देश के सर्वोच्च पद यानी 11वें राष्ट्रपति की शपथ ली थी तो देश के हर वैज्ञानिक का सर फख्र से ऊंचा हो गया था। वे 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में लोकप्रिय हुए।

कलाम का बचपन : आसमान की ऊंचाइयों को छूने के लिए हवाई जहाज और अन्य साधनों से भी जरूरी चीज है हौसला। हौसला आपकी सोच को वह उड़ान देता है जिसका शिखर कामयाबी की चोटी पर है। कामयाबी के शिखर तक पहुंचने की आपने यूं तो हजारों कहानियां पढ़ी होंगी लेकिन ऐसी ही एक जीती-जागती कहानी है पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जिन्हें दुनिया मिसाइलमैन के नाम से भी जानती है, का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम् (तमिलनाडु) में हुआ था। एपीजे अब्दुल कलाम का पूरा नाम डॉक्टर अबुल पाकिर जैनुलाअबदीन अब्दुल कलाम था। कलाम अपने परिवार में काफी लाड़ले थे, लेकिन उनका परिवार छोटी-बड़ी मुश्किलों से हमेशा ही जूझता रहता था। उन्हें बचपन में ही अपनी जिम्मेदारियों का एहसास हो गया था। उस वक्त उनके घर में बिजली नहीं हुआ करती थी और वे केरोसिन तेल का दीपक जलाकर पढ़ाई किया करते थे।

अब्दुल कलाम मदरसे में पढने के बाद सुबह रामेश्वरम् के रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर जाकर समाचार पत्र एकत्र करते थे। अब्दुल कलाम अखबार लेने के बाद रामेश्वरम् शहर की सडक़ों पर दौड़-दौडक़र सबसे पहले उसका वितरण करते थे। बचपन में ही आत्मनिर्भर बनने की तरफ उनका यह पहला कदम रहा।

कलाम की शिक्षा : कलाम जब मात्र 19 वर्ष के थे, तब द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका को भी उन्होंने महसूस किया। युद्ध की आग रामेश्वरम् के द्वार तक पहुंच गई थी। इन परिस्थितियों में भोजन सहित सभी आवश्यक वस्तुओं का अभाव हो गया था। कलाम एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में आए, तो इसके पीछे उनके 5वीं कक्षा के अध्यापक सुब्रह्मण्यम अय्यर की प्रेरणा जरूर थी।

अध्यापक की बातों ने उन्हें जीवन के लिए एक मंजिल और उद्देश्य भी प्रदान किया। अभियांत्रिकी की शिक्षा के लिए उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दाखिला लिया। वहां इन्होंने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में अध्ययन किया।

मिसाइल क्रांति की तरफ कदम : 1962 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में आए। डॉक्टर अब्दुल कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एसएलवी तृतीय) प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल है। अब्दुल कलाम भारत के मिसाइल कार्यक्रम के जनक माने जाते हैं।

उन्होंने 20 साल तक भारतीय अंतरिक्ष शोध संगठन यानी इसरो में काम किया और करीब इतने ही साल तक रक्षा शोध और विकास संगठन यानी 10 साल तक डीआरडीओ के अध्यक्ष रहे। साथ ही उन्होंने रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार की भूमिका भी निभाई। इन्होंने अग्नि एवं पृथ्वी जैसी मिसाइल्स को स्वदेशी तकनीक से बनाया था।

राष्ट्रपति का सफर : 18 जुलाई 2002 को कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। इन्हें भारतीय जनता पार्टी समर्थित एनडीए घटक दलों ने अपना उम्मीदवार बनाया था जिसका वामदलों के अलावा समस्त दलों ने समर्थन किया था। 25 जुलाई 2002 को उन्होंने संसद भवन के अशोक कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। 25 जुलाई 2007 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। ऐसे भारतीय मिसाइल प्रोग्राम के जनक और जनता के राष्ट्रपति के रूप में लोकप्रिय हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का 27 जुलाई 2015 को शिलांग के आईआईएम में एक व्याख्यान देने के दौरान गिरने के बाद निधन हो गया।

# श्रावण (सावन) माह में दलितों को सावधान रहने की जरूरत

## -श्रावण (सावन) माह में दलितों के लिये कार्य

**(डॉ. श्याम सुंदर बैरवा)**

सावन का पवित्र माह शुरु हो चुका है। बरसात का दौर जारी है, स्कूलों-कॉलेजों में प्रवेश हो रहे हैं और किसानों की मेहनत और खेतों में नज़र आने लगी है। ऐसे में दलित समाज के लोगों के लिये कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य हैं- ये कार्य अवष्य करें- 1. कोशिश करें कि आपका मकान सही-सलामत रहे, खासकर वे भाई, जिनके कच्चे मकान हैं। यदि मकान कहीं मरम्मत मांग रहा हो, तो मरम्मत करें या करवायें, ताकि बरसात में निकलने वाले कीड़े-मकोड़े और अन्य जीव-जन्तु नुकसान नहीं कर सकें। साथ ही बरसात से भी बचाव हो सके।

2. खेती पर पूरा ध्यान रखें। आपकी फसल को जानवर और अन्य कीट नष्ट नहीं करें, यह ध्यान रखें।

3. आपके बच्चों की षिक्षा अच्छे स्कूलों-कॉलेजों में हो, यह सुनिश्चित करें। ये ही आपके भविष्य को अच्छा-बुरा बना सकते हैं। इनकी फीस, कॉपी-किताबें और अन्य स्टेशनरी का समान, ट्यूशन आदि की व्यवस्था हो गई है या नहीं, यह सुनिश्चित करें।

4. यदि आपका निजि व्यवसाय इस प्रकार का है कि बरसात से प्रभावित हो सकता है, तो काम-धन्धे पर ध्यान दें। जिस दिन बरसात नहीं हो, उस दिन का पूरा उपयोग काम के लिये करें। अपनी आमदनी के कुछ हिस्से को ऐसे समय के लिये बचा कर रखें।

5. घरों में अनावष्यक काठ-कबाड़ नहीं रखें। इनमें हानिकारक जीव-जन्तु व कीड़े-मकौड़े छिपकर रह सकते हैं, जो कभी भी आपको नुकसान पँहुचा सकते हैं। ये बीमारियाँ भी फैलाते हैं।

6. इन दिनों लोग गरमागरम भुट्टे, मूंगफलियां, चाट-पकौड़ी और इसी प्रकार के खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते हैं। अतः जो भाई इनमें से जो भी हुनर जानते हैं, अपना व्यवसाय शुरु करें और अपनी आमदनी बढ़ायें।




ये कार्य नहीं करें- 1. तथाकथित धार्मिक आयोजनों में नहीं जायें। इनमें आपका पैसा, समय और श्रम, तीनों ही खराब होते हैं और मिलता कुछ नहीं है।

2. काँवड़ यात्रा में नहीं जायें क्योंकि इससे किसी को कुछ मिला हो या कुछ अद्त प्राप्ति हुई हो, ऐसा सुनने में नहीं आया। यहां भी पैसा, समय और श्रम, तीनों ही खराब होते हैं और मिलता कुछ नहीं है। आपको किसी को कुछ मिला हो तो जरुर बतायें।

3. काँवड़ यात्रा में आपके जीवन की कोई सुरक्षा नहीं रहती है। कई बार वाहन टक्कर मार देते हैं, कई बार गाय-सांड टक्कर मार देते हैं, कभी फूड-प्वायजनिंग हो जाती है, कभी तेज बरसात, बाढ़ आदि आ जाती है। कई बार पानी सूट नहीं करता है, कभी जहरीले जन्तु काट लेते हैं या कोई अन्य प्रकार की दुर्घटना हो जाती हैं। ऐसे में कोई भगवान काम नहीं आते हैं। यह कटु सत्य है। अतः अपने विवेक का इस्तेमाल करें।

4. नंगे पैर बिलकुल नहीं रहें, कोई जीव-जन्तु काट सकता है या कांटा, कील कांच आदि पैर में चुभ सकता है।

# कारगिल विजय दिवस : ज़रा याद करो कुर्बानी...

## शहादत और शौर्य की दास्तान है कारगिल विजय

हर साल 26 जुलाई का दिन कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 25 साल पहले इसी दिन सेना ने कारगिल में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। यह वही दिन है जब भारत ने कारगिल युद्ध में जीत दर्ज कर चोटी पर स्थित सभी चौकियों पर अपना कब्जा कर लिया था। 60 दिनों तक चला कारगिल युद्ध 26 जुलाई, 1999 को खत्म हुआ था, आज 22 साल बाद हम उन जवानों को याद कर रहें हैं जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थें। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

26 जुलाई, 1999 को भारतीय रणबांकुरों ने पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़ते हुए कारगिल की पहाडिय़ों पर तिरंगा लहराया था। जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले की ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी सैनिकों और घुसपैठियों को मुंहतोड़ जवाब देने में जुटे भारतीय जांबाजों के सामने कई तरह की मुश्किलें थीं। पाकिस्तानी सैनिक ऊंची पहाडिय़ों पर चौकी बनाकर बैठे थे, लेकिन भारतीय जवानों ने हार नहीं मानी। हमारे जवानों ने अपने अद्म्य साहस का परिचय दिया और जांबाजी से युद्ध लड़ते हुए दुश्मन को खदेड़ दिया। कारगिल की ऊंची पहाडिय़ों पर करीब 60 दिनों तक चले युद्ध में भारतीय सेना के जज्बे के सामने पाकिस्तानी सैनिकों ने आखिकार घुटने टेक ही दिए थे।

सेना और वायुसेना ने चटाई पाक सैनिकों को धूल: पाकिस्तानी सेना और घुसपैठियों ने करगिल की ऊंची चोटियों पर कब्जा कर लिया था। स्थानीय चरवाहों के जरिये घुसपैठ की जानकारी मिलने पर भारतीय सेना ने 3 मई को 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की थी। 11 मई से इस युद्ध में भारतीय वायुसेना भी शामिल हो गई थी, वायुसेना के लड़ाकू विमान मिराज, मिग-21, मिग 27 और हेलीकॉप्टर ने पाकिस्तानी घुसपैठियों की कमर तोडक़र रख दी थी।

सेंकड़ों भारतीय जवानों ने दी थी शहादत: 18 हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल का यह युद्ध तकरीबन दो माह तक चला, जिसमें 527 वीर सैनिकों की शहादत देश को देनी पड़ी। 1300 से ज्यादा सैनिक इस जंग में घायल हुए। पाकिस्तान के लगभग 1000 से 1200 सैनिकों की इस जंग में मौत हुई। भारतीय सेना ने अदम्य साहस से जिस तरह कारगिल युद्ध में दुश्मन को खदेड़ा, उस पर हर देशवासी को गर्व है। यह सैन्य ऑपरेशन 26 जुलाई को समाप्त हुआ था।



पाकिस्तानी सैनिकों को चौथी बार दी थी मात: कारगिल युद्ध वह चौथा मौका था, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेरा और पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटा दी थी। इससे पहले भारतीय सैनिक 1948, 1965 और 1971 में पाकिस्तानी सैनिकों पर भारी पड़े थे। कहा जाता है कि पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को बताए बिना कारगिल पर कब्जे की योजना को अंजाम दिलवाया था।

# सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है बिरयानी की ओवरडोज

दुनिया भर में जो भारतीय स्वाद सबसे ज्यादा मशहूर हैं, उनमें से एक बिरयानी भी है। इसे कई तरह से पकाया और परोसा जाता है। बिरयानी का नाम सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। स्वाद में तो यह लजीज होती ही है, साथ ही इसकी महक भूख भी बढ़ा देती है। इसके मसाले, पारंपरिक सामग्री और परोसने का अंदाज सभी को अपनी ओर लुभाता है। मगर प्लेट में बिरयानी की ओवरलोडिंग आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। पर जब आप अपनी प्लेट इससे ओवरलोड कर लेती हैं, तब जानिए क्या होता है।

जब बिरयानी की बात आती है, तो दो ही जगह याद आती हैं। हैदराबाद और नवाबों का शहर लखनऊ। वैसे लखनवी बिरयानी और हैदराबादी बिरियानी दोनों काफी अलग होती हैं। दोनों को बनाने का तरीका भी अलग होता है। दुनिया भर से जो भी लखनऊ की सरजमी पर कदम रखता है, वह यहां के व्यंजन, खास तौर पर बिरयानी खाए बिना वापस नहीं जा पाता।

बिरयानी का स्वाद नवाबों के समय से चला आ रहा है। हालाकि अब बदलते भारत में बढ़ती तकनीकी के सहयोग से कोई भी रेसिपी छुपी नहीं रह गई है। बिरयानी के शौकीन लोग अक्सर अपने घर में ही बिरयानी बना लेते हैं। लेकिन बिरयानी को अपनी प्लेट में परोसने से पहले स्वास्थ्य से जुड़ी बातें जान लेना जरूरी है। फिर चाहे वह लखनवी बिरयानी हो हैदराबादी या जयपुर की।

पहले बिरयानी के स्वास्थ्य लाभ जान लेते हैं:

बिरयानी को बनाने में कई प्रकार के मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माने जाते हैं। जिसमें लहसुन, अदरक, दालचीनी, और लौंग शामिल हैं। ये मसाले एंटी इंफ्लामेटरी गुणों, एंटी कैंसर, ब्लड शुगर को कम करने और और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर रखने वाले गुणों से भरपूर हैं। इसके अलावा बिरयानी में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे पोषक तत्वों भी मौजूद होते हैं। पर जब आप अपनी क्रेविंग को कंट्रोल नहीं कर पातीं और प्लेट को बिरयानी से ओवरलोड कर लेती हैं, तब इसका खामियाजा आपकी सेहत को उठाना पड़ता है।

**सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है बिरयानी की ओवरडोज:**

बिरयानी को उच्च कैलोरी युक्त आहार के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रत्येक परोसने में औसतन 500 कैलोरी होती है, उनकी तैयारी में इस्तेमाल किया जाने वाला घी, वनस्पति और रेड मीट आपको पाचन संबंधी दिक्कतें दे सकते हैं।

फैटी लीवर का कारण बन सकती है बिरयानी: सिर्फ शराब से ही नहीं, बल्कि आपकी पसंदीदा मटन या चिकन बिरयानी के सेवन से भी आपके लीवर पर असर पड़ सकता है। जिससे आप नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की शिकार हो सकती हैं। इसे विकसित देशों में सबसे तेजी से बढ़ती जीवनशैली की बीमारी के रूप में जाना जाता है। हर साल इस समस्या के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है।



क्या है नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर: इसका पूरा नाम नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज है। लिवर हमारे शरीर का एक अहम हिस्सा है यह हमारे शरीर में मेटाबॉलिज्म को मेंटेन करने का काम करता है। ह्रस्नरुष्ठ में लीवर में फैट जमा हो जाता है जिसका इलाज अगर समय पर नहीं कराया गया तो यह परमानेंट रोक के तौर पर भी उभर सकता है जो लिवर सिरॉसिस के तौर पर जाना जाता है। यह आगे चलकर कैंसर ही बन सकता है।

क्या होते हैं नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर के लक्षण? : ज्यादातर गति ही जीवन शैली और खराब खान-पान के कारण लोग इसके शिकार हो जाते हैं इसके लक्षणों में पेट में दर्द, सीने में दर्द, थकान शामिल है।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

## " जोड़े आस्मां पर बनाए जाते हैं मिलन जमीं पर होता है। "

Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./ Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families. Contact : Mobile- 98287 34281

खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/ सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए। संपर्क : 9828048966/ 9166117743

Beautiful Muslim girl 32/5.5"/ MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/ Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage. Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क: मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/ व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए। संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

.जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/ नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

.हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed / Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat at Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• आगरा निवासी लड़की 28/5.5"/ बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/ नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की । संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर। ph . 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/ बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2" एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता । इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल : 9772552446, 9799559096

• Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4"/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob : 9772552446, 9799559096

• Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive, Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B.Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/ Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6" वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता । इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4" B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

•खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

• Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8"/MBA; B.Tech (Civil Engineer)/ Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096.

•मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9414288231/9772552446

# पार्किंग के भी बेसमेंट में थी राउ कोचिंग की लाइब्रेरी

## स्टूडेंट्स ने बताया- फर्नीचर से जाम हुआ दरवाजा; जलभराव की शिकायत 3 दिन पहले ही की थी

दिल्ली । दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 3 UPSC एस्पिरेंट्स की लाइब्रेरी में डूबकर मौत के खिलाफ स्टूडेंट्स एकट्ठा हैं। 5 दिन पहले यानी 22 जुलाई को एक एस्पिरेंट की जलभराव के बाद करेंट लगने से मौत हुई थी। शनिवार रात राउ कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी कोचिंग में 3 स्टूडेंट्स की डूबने से मौत हो गई।

हादसे की रात आखिर क्या हुआ, हमने जानने की कोशिश की उसी कोचिंग में पढ़ रहे दूसरे प्रत्यक्षदर्शी स्टूडेंट्स से...

बेसमेंट के भी बेसमेंट में थी लाइब्रेरी

एक स्टूडेंट ने बताया कि हमारे फ्रेंड्स इस बिल्डिंग में एग्जाम देने आते थें। इसमें बेसमेंट में भी एक बेसमेंट बना है। बेसमेंट के नीचे पार्किंग है, जिसके नीचे लाइब्रेरी थी।

घटना के दिन जब स्कूबा डाइवर्स अंदर जा रहे थें तो उन्होंने बोला कि बेसमेंट में इतना कचरा है कि उन्हें कुछ नहीं नजर आ रहा था। एंट्री गेट के पास फर्निचर का जमावड़ा हो जाने के चलते बच्चों को बाहर निकलने में डिफिकल्टी हुई।

बायोमेट्रिक लॉक नहीं हुआ, फर्नीचर से दरवाजा अटका

इसके अलावा एंट्री गेट पर बायोमेट्रिक का सिस्टम था। ऐसा कहा गया कि लाइट जाने पर यह लॉक हो गया था। दरअसल, लाइट जाने पर ये किसी भी नॉर्मल दरवाजे की तरह खुलता और बंद होता है। दरवाजा फर्नीचर के कारण अटक गया था।

पानी भीतर कांच को तोड़ते हुए घुसा था। मेरे रहते हुए 2 बॉडी निकाल दी गई थी। 24 जुलाई को कंप्लेन्ट के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

एक अन्य UPSC एस्पिरेंट कनिष्का तिवारी बताती हैं कि घटना के 3 दिन पहले यानी 24 जुलाई को मैनें वाटर लॉगिंग की कंप्लेन्ट की थी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सामने से आश्वासन का कॉल आया था कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

कनिष्का ने कंप्लेन्ट में वाटर लॉगिंग के अलावा 22 जुलाई के एक अन्य एस्पिरेंट निलेश की करेंट लगने से मौत का भी जिक्र किया था। इसमें बताया गया था कि ये मानसून बच्चों के लिए कितना खतरनाक हो सकता है।

उस कंप्लेंट मेल का रिप्लाई आता है कि कंप्लेंट फॉर्वर्डेड



टू एमसीडी कंट्रोल रूम। बाद में रिस्पॉन्ड आता है कि एक्शन ले लिया गया है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

घटना के बाद जो एक्शन लिए जा रहे हैं जैसे वायर फिक्स किए जा रहे हैं गड्ढे खोदे जा रहे हैं। अगर यही सब 3 दिन पहले यानी बुधवार को ही किए जाते तो शायद ऐसी घटना नहीं होती। जानें नहीं जाती। जब तक बच्चों की जान नहीं जाती तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

# वर्चुअल इवेंट मैनेजमेंट में करिअर

डिजिटल एज में इवेंट्स में भी काफी बदलाव आया है। टेक्नोलॉजी में एडवांसमेंट के चलते वर्चुअल और हाइब्रिड इवेंट्स ट्रेंड कर रहा है। कई बड़े इवेंट्स ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर होने लगे हैं। उदाहरण के लिए टेडएक्स कॉन्फ्रेंस भी वर्चुअल फॉर्मेट पर आ गए हैं। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने भी कई सफल वर्चुअल प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। ऐसे में मैनेजमेंट के सेक्टर में वर्चुअल इवेंट मैनेजमेंट एक नए करिअर ऑप्शन के तौर पर जुड़ गया है। इस क्षेत्र में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ रही है, ऐसे में जिन छात्रों ने 12वीं की पढ़ाई पूरी की है और वे इस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहते हैं तो उनके लिए यह एक अच्छा करिअर ऑप्शन बन सकता है। वर्चुअल इवेंट्स मैनेजमेंट में उन इवेंट्स को ऑर्गनाइज और मैनेज करना होता है जो ऑनलाइन होते हैं। इसमें वेबिनार, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस और वर्चुअल वर्कशॉप्स भी शामिल हैं। वर्चुअल इवेंट्स मैनेजर का काम उन इवेंट्स को प्लान और मैनेज करना होता है। वर्चुअल इवेंट्स के जरिए बड़ी संख्या में दूसरे देशों के एक्सपर्ट्स को भी आसानी से जोड़ा जा सकता है।

# अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ी

## अब 4 अगस्त तक करें अप्लाई, 12वीं पास को मौका

अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले इस भर्ती में 28 अगस्त 2024 तक फॉर्म भरे जा रहे थे लेकिन अब लास्ट डेट बढ़ाकर 04 अगस्त 2024 कर दी गई है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती परीक्षा का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जाएगा।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स विषयों के साथ)/ संबंधित डिसिप्लिन में इंजीनियरिंग डिप्लोमा प्राप्त किया हो।
उम्मीदवारों का जन्म 3 जुलाई 2004 से पहले और 31 जनवरी 2008 के बाद न हुआ हो।
फीस :

550 रुपए (GST शुल्क अलग से) जमा करना होगा।

**आयु सीमा** :

उम्मीदवारों का जन्म 2 जुलाई 2004 से लेकर 3 जनवरी 2008 के बीच होना चाहिए।
उम्मीदवारों की उम्र कम से कम 17.5 वर्ष और अधिकतम 21 वर्ष तक होनी चाहिए।
सैलरी :

सिलेक्ट होने वाले कैंडिडेट्स को पहले साल हर महीने 30,000 रुपए सैलरी मिलेगी। इसमें 9,000 रुपए Corpus Fund के तौर पर कटेगा। ऐसे में पहले साल इन हैंड सैलरी 21,000 रुपए की होगी।
दूसरे साल 10% बढ़ोतरी के साथ 33,000 रुपए सैलरी हो जाएगी।
इसी तरह हर साल 10% सैलरी बढ़ेगी।
**सिलेक्शन प्रोसेस :**

लिखित परीक्षा
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
फिजिकल टेस्ट
मेडिकल एग्जामिनेशन
**जरूरी डॉक्यूमेंट्स :**

आधार कार्ड
निवास प्रमाण पत्र
शैक्षिक दस्तावेज
पुलिस वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट
जाति प्रमाण पत्र
मोबाइल नंबर
पासपोर्ट साइज फोटो
ई मेल आईडी
**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट **agnipathvayu.cdac.in** पर जाएं।
होम पेज पर Latest Vacancies के लिंक पर क्लिक करें।
Airforce Agniveer Vayu Selection Test 2024 के लिंक पर जाएं।
अगले पेज पर Register Here के लिंक पर जाएं।
मांगी गई डिटेल्स से पहले रजिस्ट्रेशन करें।
रजिस्ट्रेशन के बाद एप्लीकेशन फॉर्म भर कर सब्मिट कर दें।

# झारखंड में फॉरेस्ट ऑफिसर सहित 248 पदों पर निकली भर्ती

## एज लिमिट 40 साल, एससी, एसटी को फीस में छूट

झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) ने सहायक वन संरक्षक (Assistant Forest Conservator) और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर के पदों पर भर्ती का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उम्मीदवार वेबसाइट jpsc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

कृषि, कृषि इंजीनियरिंग, पशुपालन और पशु चिकित्सा विज्ञान, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी, प्राणी विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान या संबंधित विषयों में ऑनर्स।
या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल, मैकेनिकल, केमिकल में इंजीनियरिंग की डिग्री।
शारीरिक योग्यता :

**ऊंचाई (पुरुष)** : अनुसूचित जाति के लिए 152.5 सेमी और अन्य कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए 163 सेमी।
**ऊंचाई (महिला) :** अनुसूचित जाति के लिए 145 सेमी, अन्य कैटेगरी की उम्मीदवारों के लिए 150 सेमी।
**सीना बिना फुलाए (पुरुष)** : 79 सेमी (5 सेमी फुलाना है)
**शारीरिक परीक्षण (पुरुष)** : 4 घंटे में 25 किमी पैदल चलना।
शारीरिक परीक्षण (महिला) : 4 घंटे में 14 किमी पैदल चलना।
**फीस :**

जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 600 रुपए
**एससी/एसटी :** 150 रुपए
**आयु सीमा :**

सामान्य : 21 - 35 साल
एससी, एसटी : 40 साल
**सैलरी :**

9,300 - 34800 रुपए प्रतिमाह।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

प्रीलिम्स एग्जाम
मेन्स एग्जाम
इंटरव्यू
**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट jpsc.gov.in पर जाएं।
अपना ई-मेल, मोबाइल नंबर, यूजर आईडी और पासवर्ड डालकर अकाउंट बनाएं।
फॉर्म भरें और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
अपनी श्रेणी के अनुसार फीस का भुगतान करें।
अंत में फॉर्म जमा करके उसकी एक कॉपी अपने पास रख लें।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन

बारां (रॉयल पत्रिका)। रनर क्लब द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर दौड़ का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर कारगिल युद्ध के वीर जवानों की याद में उनके शौर्य को सलाम करने के लिए बारां रनर क्लब द्वारा इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाता है। मोहित सिंह एवं अतुल बंसल ने बताया की दौड़ में बारां शहर के एवं बाहर से आए सैकड़ो प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया जो देश के वीर सैनिकों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना से प्रेरित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:00 बजे हुई जिसमें प्रतिभागियों ने जोश और उमंग के साथ दौड़ लगाई। दौड़ से पूर्व डांस ट्रेनर राम ने स्ट्रेचिंग कराई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कारगिल युद्ध के कप्तान नायक रघुवीर सिंह, कर्नल उमाकांत, शहर के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, डिप्टी ओमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। जिन्होंने सभी धावकों को हरी झंडी दिखा दौड़ को प्रारंभ कराया। अतिथियों में शहीद भगत सिंह अकादमी के संस्थापक राजेश मीणा, जितेंद्र ज्वेलर्स से देवेश सोनी, नेशनल टेलर्स से मजीद सलीम व वाजिद सलीम, मंगलम सीमेंट के मार्केटिंग हेड संदीप, गोल्डी मसाले के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित रहे। अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल ने बताया कि 5 किलोमीटर दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया 5 किलोमीटर वर्ग में प्रथम स्थान दीपिका, दूसरे स्थान पर अक्कि माली रही। 10 किलोमीटर दौड़ में अनुभवी धावकों ने इस श्रेणी में भाग लिया और चुनौती पूर्ण ट्रैक पर अपने उत्कृष्ट धावक कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें पुरुष



वर्ग के में प्रथम विजय शाक्यवाल 35 मिनट 10 सेकंड, द्वितीय राम मवाई 36 मिनट 39 सेकंड, तृतीय कमल सिंह ने 39 मिनट 18 सेकंड में दौड़ पूर्ण की। महिला वर्ग में प्रथम वर्षा ने 43 मिनट 18 सेकंड, द्वितीय अर्चना सुमन 54 मिनट 10 सेकंड, तृतीय दीपा यादव तेरे 55 मिनट 49 सेकंड दौड़ पूरी की। दोनों श्रेणियां के विजेताओं को इनाम राशि और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए मैडल देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। अतिथियों द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया और अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के अंकित खंडेलवाल, पंकज, गौरव, सोहम, विपिन, अतुल, सौरभ, संजय, अर्पित, मन्नू, हेमल, भारत, यशपाल, सिया, बिंदु, निखिल, मुकेश, प्रतीक, नवदीप, सिंकु , दीपक, रवि, सोहेल, विकास, आशीष, अनमोल एवं सभी बारां रनर क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर की त्वरित कार्रवाई ने फिर लौटाया सम्मान

बारां (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

इसी संकल्पना को साकार करने के क्रम में जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की प्रतिबद्धता और त्वरित हस्तक्षेप के कारण शाहबाद तहसील के सहरोद कलां गांव के किसानों को आखिरकार अपना सम्मान मिला है। पिछले छह वर्षों से इन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की एक भी किस्त नहीं मिली थी। यह योजना देश भर के छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है। परेशान किसानों की ओर से की गई अपील पर जिला कलक्टर तोमर ने तत्काल कार्रवाई की। उनके निर्देश पर पीएम-किसान पोर्टल पर गहन जांच की गई, जिसमें पता चला कि इन सभी किसानों के पंजीकरण अपात्र (इनएक्टिव) के रूप में चिह्नित किए गए थे। जिला कलक्टर ने तहसीलदार शाहबाद को प्रत्येक किसान की पात्रता की फिर से जांच करने का आदेश दिया। तहसीलदार की जांच में पता चला कि वास्तव में सभी किसान लाभ के पात्र थे। बिना देरी किए इन किसानों को तुरंत पीएम-किसान पोर्टल पर पात्र के रूप में पंजीकृत कर दिया गया। नए पात्र किसानों में नारायण, हरिओम, श्रीमती तारावती, रमेश चंद, हुकुमचंद, पप्पूलाल, चिरौंजी और गुलाबचंद शामिल हैं। इन



आठ के अलावा, तहसीलदार शाहाबाद द्वारा सत्यापित और भेजे गए 96 और पात्र किसानों को भी पोर्टल पर अपडेट किया गया है। नियमानुसार, देय राशि भारत सरकार द्वारा उनके खातों में स्थानांतरित की जाएगी, जिससे उन्हें आवश्यक राहत और सहायता मिलेगी। योजना के जिला प्रबंधक पी.टी. चंद्रशेखर आजाद ने प्रयासों की सराहना की और आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी विसंगतियों को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री की संकल्पना हो रही साकार, किसानों को मिल रही राहत

## -जिला कलक्टर की त्वरित कार्रवाई ने फिर लौटाया सम्मान

बारां (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। इसी संकल्पना को साकार करने के क्रम में जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की प्रतिबद्धता और त्वरित हस्तक्षेप के कारण शाहबाद तहसील के सहरोद कलां गांव के किसानों को आखिरकार अपना सम्मान मिला है। पिछले छह वर्षों से इन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की एक भी किस्त नहीं मिली थी। यह योजना देश भर के छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

परेशान किसानों की ओर से की गई अपील पर जिला कलक्टर तोमर ने तत्काल कार्रवाई की। उनके निर्देश पर पीएम-किसान पोर्टल पर गहन जांच की गई, जिसमें पता चला कि इन सभी किसानों के पंजीकरण अपात्र (इनएक्टिव) के रूप में चिन्हित किए गए थे।



जिला कलक्टर ने तहसीलदार शाहबाद को प्रत्येक किसान की पात्रता की फिर से जांच करने का आदेश दिया। तहसीलदार की जांच में पता चला कि वास्तव में सभी किसान लाभ के पात्र थे। बिना देरी किए इन किसानों को तुरंत पीएम-किसान पोर्टल पर पात्र के रूप में पंजीकृत कर दिया गया। नए पात्र किसानों में नारायण, हरिओम, श्रीमती तारावती, रमेश चंद, हुकुमचंद, पप्पूलाल, चिरौंजी और गुलाबचंद शामिल हैं। इन आठ के अलावा, तहसीलदार शाहाबाद द्वारा सत्यापित और भेजे गए 96 और पात्र किसानों को भी पोर्टल पर अपडेट किया गया है। नियमानुसार, देय राशि भारत सरकार द्वारा उनके खातों में स्थानांतरित की जाएगी, जिससे उन्हें आवश्यक राहत और सहायता मिलेगी। योजना के जिला प्रबंधक पी.टी. चंद्रशेखर आजाद ने प्रयासों की सराहना की और आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी विसंगतियों को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# सामाजिक तत्वों एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बांरा (रॉयल पत्रिका)। अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी द्वारा 23 जुलाई को अंजुमन चौराहे पर प्रातः 10 बजे धरना प्रदर्शन सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में किया। प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया की 17 जुलाई 2024 को बारां शहर में ताज़िए के दिन असामाजिक तत्वों द्वारा प्राचीन छत्री के शिखर को खण्डित करने वालों, वीडियो वायरल कर समाज में असंतोष, भय ,फैलाकर बाज़ार बंद करवाने, ताज़िए नहीं निकलने देने एवं जुमे की नमाज़ को अपमानित और बदनाम करने, सांवलियाजी के मंदिर के सामने पुलिस बैरिकेडिंग पर सौ से अधिक लोगों के लाठी व तलवारें लेकर ताज़िए के जुलूस में अवरोध पैदा करने, आपत्तिजनक एवं भड़काऊ नारे लगाकर इस्लाम और उसके अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने, जामा मस्जिद के पास ताज़िए के जुलूस पर पत्थर फेंकने एवं थाना कोतवाली बारां पर लाठियां लेकर जुलूस के रुप में पहुंच कर पुलिस के साथ मज़ाहमत करने व राज्य कार्य में बाधा पहुंचाने के मामलों में एफ आइ आर दर्ज कर समुचित कार्रवाई करने के



लिए ज्ञापन मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम ज़िला कलेक्टर बारां के प्रतिनिधि तहसीलदार बारां मनोज कुमार खत्री एवं पुलिस अधीक्षक बारां के नाम पुलिस अधीक्षक बारां के प्रतिनिधि ओमेंद्र सिंह शेखावत वृताधिकारी वृत्त बारां को असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन के साथ एक डी वी डी भी दी गयी जिसमें छै वीडियो है जो सभी दिनांक 17 जुलाई को हुई घटनाओं की साक्ष्य के सम्बन्ध में है। अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी ज़िला बारां के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि इस धरने को अंजुमन के शूरा सदस्य अशरफ देशवाली , ज़ाकिर पार्षद, अब्दुल अज़ीज़ उर्फ अज्जु पार्षद वसीम मंसूरी और अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी आबिद हुसैन अंसारी ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी ने अपने वक्तव्य में अपना 5 सूत्री ज्ञापन पढ़ कर सुनाया और अंत में प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो समाज को कठोर कदम उठाना पड़ेगा।

धरना प्रदर्शन को ज़ाकिर रंगरेज़ ने संचालित किया। धरना प्रदर्शन में सैकड़ो की तादाद में समाज के व्यक्ति उपस्थित थे जो सभी पुलिस की कार्य शैली पर आक्रोशित थे। धरना प्रदर्शन स्थल पर पुलिस का माकूल इंतजाम था।

# अंजुमन इत्तेहाद ए बाहमी द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर संपन्न

बारां (रॉयल पत्रिका)। अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बारा के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी के सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी की अध्यक्षता में अंजुमन मैरिज हॉल में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन कैंप जिला अंधता निवारण समिति जिला बारा के सहयोग एवं डाक्टर संपतराज नागर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बांरां के आदेश से रविवार 28 जुलाई को संपन्न हुआ। इस कैंप में आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुधीर गुप्ता एवं उनकी टीम ने 125 मरीजों की आंखों की जांच की जांच में जिनको जरूरत थी उनको दवाइयां एवं चश्मों के नंबर निःशुल्क दिए गए, 11 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया,



चिन्हित सभी मरीजों को लेकर टीम कोटा रवाना हुई। ऑपरेशन कैंप को कामयाब बनाने में प्रोग्राम कन्वीनर हाजी इकबाल हुसैन, को कन्वीनर अब्दुल अजीज उर्फ अज्जू भाई , जनरल सेक्रेटरी आबिद हुसैन, मदरसा अंजुमन इस्लामिया के सदर माजिद सलीम , हाजी मास्टर अयूब अली, मों अशफ़ाक, इकबाल नेता , नासिर खान बंटी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न एपीजे कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धा से किया याद

कोटा(रॉयल पत्रिका)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति,युवाओं के आदर्श, महान वैज्ञानिक,मिसाइल मैन के नाम से मशहूर,भारत रत्न डॉ. एपीजे कलाम की पुण्यतिथि 27 जुलाई शनिवार को भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मकसूद अली के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा से मनाई गई, कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मकसूद अली ने कहा की 27 जुलाई, 2015 को आज ही के दिन भारत रत्न अब्दु ल कलाम साहब का निधन हुआ था। उनका व्यवहार उनकी सादगी देश के लिए प्रेरणा का काम करती हैं और



उनके विचार अमूल्य धरोहर हैं। उन्होने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में लगा दिया। पूर्व राष्ट्रपति रहे एपीजे.अब्दुल कलाम का जीवन हमें सिखाता है कि अगर हम मेहनत और लगन से काम करें तो हम अपनी मंजिल जरूर पा सकते हैं। हमारे पास कितने भी संसाधन क्यों ना हों, हम अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री तनवीर खान, जिला प्रवक्ता निसार अहमद, मोहम्मद अशफाक, अब्दुल हक भाई, जमील भाई, अशफाक खान बबलू, अब्दुल रहीम बबला, शादाब अशफाक आदि मौजूद थे।

# मिसाईलमेन कलाम की पुण्यतिथि पर होनहार स्टूडेंट का किया सम्मान

बांरा (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान की ओर से अपेक्स किट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे खिराज ए अकीदत पेश कर होनहार बालक बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष शेख बहादुर ने बताया कि आज ही के दिन कभी मौसम रोया था क्यों कि मेरे देश ने अब्दुल कलाम को खोया था। उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम तमिलनाडु में एक गरीब परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम अब्दुल पाकिर जैनुल आबिदीन अब्दुल कलाम था, जो



आगे चलकर मिसाइल मैन के नाम से मशहूर हुआ। 27 जुलाई 2015 को अचानक वो इस दुनिया को अलविदा कह गए। खिराज ए अकीदत मे इंग्लिश की प्रिंसिपल सरीता शर्मा, हंसराज जी प्रिंसिपल, संस्थान कोर्डिनेटर नफीसा अली बोहरा, फरीदा शेख मौजूद रही।

# ASI कंपनी ने स्कूल को वाटर कूलर भेंट किया

सुकेत/रामगंजमंडी (रॉयल पत्रिका)। एएसआई कंपनी ने दुर्जनपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में वाटर कूलर और आरओ सैट भेंट किया है। जिसके लिए स्कूल में धन्यवाद समारोह आयोजित कर कंपनी प्रतिनिधि एस एल शुक्ला और विक्रम सिंह का अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सरपंच गुमान सिंह ने की। वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पीईईओ घनश्याम मालव रहे। कार्यक्रम में दिनेश नागर, मुकेश राठौर, मुरली मीणा, विशाल पहाड़िया, रजिया, अर्चिता, खुश्बू, कविता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ प्रबोधक अंजनी कुमार शर्मा ने किया।

# झालावाड़ नगर परिषद की अनदेखी

## -नई सड़क का इंतजार कर रहे शहर वासी

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद पर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जा रहे हैं। बताया जा रहा की 15 सालों से विकास हेतु सड़क नहीं बनी। तीन कार्यकाल निकल चुके फिर भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। इस संबंध मे मोहसिन भाई ने 29 जुलाई को बताया कि सर्वे टेंडर भी होने की जानकारी मिली है मगर वर्क आर्डर जारी नहीं हुए। तोपखाना गेट, भगत सिंह कॉलोनी, मंशापूर्ण बालाजी रोड से बड़े बुजर्गो सहित सैंकड़ों स्कूली छात्र छात्राए निकलते हैं लेकिन जिम्मेदारों का इस और कोई ध्यान नहीं। आखिर कब बनेगी नई सड़क, आखिर शहर वासियों का इंतजार कब खत्म होगा?

# मादक पदार्थ अफीम तस्करी के मामले मे विगत 4 माह से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

## -कब्जे से बरामद किया था 15 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा चूरा

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस थाना कोतवाली झालावाड़ के मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा तस्करी के प्रकरण मे विगत करीब 04 माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी रामदयाल मीणा निवासी रींछवा थाना अकलेरा को झालरापाटन पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की है।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि दिनांक 04.04.2024 की रात्रि को चन्द्रज्योति शर्मा पु.नि.थानाधिकारी थाना कोतवाली झालावाड मय जाप्ता ने गश्त के दौरान ए.आर.नगर रोड झालावाड़ से अभियुक्त रामदयाल पुत्र कंवरलल मीणा निवासी रींछवा थाना अकलेरा के कब्जे से 15 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया था। कार्यवाही के दौरान अभियुक्त रामदयाल मीणा अन्धेरे का फायदा उठाकर पुलिस जाप्ता को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। तब से उक्त प्रकरण मे अभियुक्त रामदयाल मीणा फरार चल रहा था जिसकी पुलिस को तलाश थी। उक्त प्रकरण का अनुसंधान हंसराज मीणा पु.नि. थानाधिकारी थाना झालरापाटन द्वारा किया जा रहा है जिनके द्वारा अभियुक्त की तलाश पतारसी के सार्थक प्रयास किये गये।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लम्बित अनुसंधान प्रकरणों वांछित अपराधियों की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के समस्त थानाधिकारियों को थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन कर अधिकाधिक गिरफ्तारी किये जाने के निर्देश दिये गये है। अभियान के तहत चिरंजी लाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन,हर्षराज सिंह खरेडा पुलिस उप अधीक्षक वृत झालावाड के सूपरविजन मे हंसराज मीणा पु.नि. थानाधिकारी थाना झालरापाटन के नेतृत्व मे थाना झालरापाटन की गठित विशेष टीम द्वारा उक्त प्रकरण मे वांछित अभियुक्त रामदयाल पुत्र कंवरलाल मीणा निवासी रींछवा थाना अकलेरा को दिनांक 27.7.2024 को मिलन तिराहा थाना अकलेरा से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। अभियुक्त आपराधिक प्रवृति का है, जिसके विरूद्ध चोरी मादक पदार्थ तस्करी अवैध शराब तस्करी व मारपीट के करीब एक दर्जन प्रकरण पूर्व से दर्ज है। अभियुक्त से मादक पदार्थ तस्करी मे उसके साथ और कौन कौन लोग लिप्त है इस बाबत अनुसंधान किया जा रहा है।

# भाजपा रामगंजमंडी नगर की कार्य समिति की बैठक हुई संपन्न

सुकेत (रॉयल पत्रिका)। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी कार्य समिति की बैठकें संपन्न हो रही है, उसी क्रम में जयपुर में कार्य समिति के संपन्न हुई बैठक उसके बाद जिले की बैठक संपन्न हुई उसके बाद कल रामगंज मंडी नगर मंडल की कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला रहे अध्यक्षता प्रधान कलावती मेघवाल ने की विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर रहे। बैठक में नगर अध्यक्ष कमलेश गोविंद बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने बड़ चढ़कर भाग लिया और तय किया है कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले 7 माह में किए गए अद्त विकास कार्यों की जानकारी को घर-घर तक पहुंचाएंगे और देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहित की योजनाओं की जानकारी आम



लोगों को देंगे और अभियान चला कर इसके प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। बैठक में रामगंज मंडी नगर में रिंग रोड पास करवाने पर कैबिनेट मंत्री मदन जी दिलावर का भाजपा कार्यकर्ताओ नेआभार व्यक्त किया। बैठक में sc मोर्चा के प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश मेघवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुर्जर, भाजपा नगर महामंत्री अखिलेश मेडतवाल, रामेश्वर अहीर, विशाल जैन, शिवराज मीणा, सुरेंद्र सिंह शाखावत, नंदलाल मीणा, सतीश गौत,म वीरेंद्र सिंह, शक्तावत लोकेश, पावेचा महेश नामदेव, पप्पू मराठा, महिला मोर्चा नेता संतोष पांचाल, विमल चौहान, संजय धाकड़, प्रमोद पंडित सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार भाजपा नेता अखिलेश मेडतवाल ने व्यक्त किया

# सीढ़ियों पर पड़ी मिली डेडबॉडी, वायर टूटकर छत पर गिरा था

सुकेत (रॉयल पत्रिका)। रमगंजमंडी मे बारिश के कारण बिजली का तार टूटकर मकान पर गिर गया। मकान में करंट फैलने से मां बेटी की मौत हो गई। सुबह लोगों को दोनों के शव सीढ़ियों में पड़े मिले। सूचना पर पुलिस, प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामला कोटा जिले के रामगंजमंडी कस्बे के गांव देवली का है। घटना बुधवार देर रात होना बताया जा रहा है। चेचट एसएचओ मनसीराम बिश्नोई ने बताया- देवली गांव में ई-मित्र संचालक राहुल शर्मा (26) के मकान की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा था। मकान के पास ही बिजली पोल है। बुधवार रात 10 बजे तेज बारिश शुरू हुई। पड़ोसी जितेंद्र ने बताया बारिश के दौरान पोल का तार टूटकर मकान की छत पर गिर गया। इसके कारण मकान में करंट फैल गया। मकान में महिला राजेश शर्मा (43) और उसकी बेटी ज्योति (21) थी। वे करंट की चपेट



में आ गईं। गुरुवार सुबह नल आया तो पड़ोस की महिला राजेश देवी को पानी भरने का कहने के लिए मकान में गई। उसने राजेश देवी को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। महिला ने सीढ़ियों पर मां-बेटी के शव देखे तो लोगों को सूचना दी। उस वक्त राजेश देवी का बेटा राहुल घर पर नहीं था। वह ई-मित्र के काम से कोटा गया हुआ था। मकान में मां बेटी के अलावा और कोई नहीं था। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर तहसीलदार राहुल वर्मा, चेचट एसएचओ मनसीराम बिश्नोई और बिजली अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिवार ने कई बार बिजली अधिकारियों को पोल शिफ्ट करने की मांग की। लेकिन अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया और हादसा हो गया। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद तहसीलदार राहुल वर्मा, पुलिस एसएचओ और बिजली विभाग ने ग्रामीणों से समझाइश की। करीब 1 घंटे बाद 5-5 लाख रुपए मुआवजा राशि पर सहमति बनी है।

# ताजू शाह तकिया में मैरिज हॉल की संगे - ए - बुनियाद रखी गई

**एम ए पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित ताजू शाह तकिया में मैरीज हॉल की संगे ए बुनियाद शहर काजी मौलाना अहमद अली शाह द्वारा रखी गई। कमेटी के सदर आवेश खान ने बताया की एक मैरिज हॉल फुल साइज का बनाया जा रहा है और साथ में और भी सुविधा रहेगी जिसमें ब्याह शादी में टेंट वगैरा लगा सके उसके लिए सामने खुला मैदान रहेगा जिसमें हरियाली के लिए पेड़ पौधे लगाए जाएगें और चारों तरफ सड़क बना दी गई है। ब्याह शादी के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगे।

क्योंकि आसपास के मोहल्ले में इतनी बड़ी खुलीं जगह नहीं है। यहां पर दरगाह और मस्जिद भी है शुद्ध वातावरण है। यह शहर के बीच में मुस्लिम समुदाय की सबसे पुरानी धरोहर है और पार्षद अनीश खान पूर्व सदर हाजी भवरु खां दौलत खानी संगे ए बुनियाद के आयोजन में पुर्व पार्षद बाबू ईस्माइल खान, हाजी अजीज खां, हाजी हनीफ खान, हाजी नवाब खान, हाजी भवरु खां हांथी खानी,हाजी ताजू खा , निजाम खान,इकरार खान, आरिफ खान, मुंशी खान, महम्मुद खान के के, जाकिर खान के के, बुद्धे खान, इसाक खान, आमिन खान, मोहम्मद अली पठान, बाबू खां, नोशाद खान, अबरार खान,आदि ने शिरकत की और मोहल्ले वासियों ने सहयोग किया।

मैरिज हॉल की नींव रख कर शहर काजी एवं मस्जिद ताजुशाह के इमाम मौलाना मकसूद आलम ने दुआएं मांगी।



# चूरू में सीपी प्लस गैलेक्सी स्टोर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित

**एम ए पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्टेशन रोड पर स्थित सीपी प्लस गैलेक्सी स्टोर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

इस खास अवसर पर नीलम कटाकी (एवीपी, सीपी प्लस), सौरभ शर्मा (बीएम, सीपी प्लस) और फरियाद खान ने रिबन काटकर स्टोर का औपचारिक शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में आरिफ खान, वसीम खान, शकील खान, मुंशी खान, बाबू खान, आसिफ खान, आबिद ख़ान, जितेंद्र शर्मा, भवानी सिंह, असलम खान और महमूद खान जैसे प्रमुख अतिथियों ने शिरकत की और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर अरश इंफोटेक के मालिक इमरान खान और उनकी टीम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# गाजी बाबा की दरगाह में महिलाओं पर रोक

जहाजपुर/भीलवाड़ा (रॉयल पत्रिका) । गाजी बाबा की दरगाह के भीतरी हिस्से में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है। दरगाह में मुख्य मजार के पास तक महिलाओं की एंट्री एक साल से बंद है। कमेटी के इस आदेश का महिलाओं ने विरोध किया है। शनिवार को मुस्लिम समाज की महिलाएं जहाजपुर थाने पहुंच गईं। रिपोर्ट देकर दरगाह में इबादत के लिए प्रवेश की अनुमति दिलाने की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिलाओं ने बताया कि दरगाह कमेटी के कुछ सदस्यों ने एक साल से महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा है। दरगाह की दीवार पर बोर्ड भी लगा रखा है। जिस पर लिखा है कि औरतों का अंदर जाना सख्त मना है। यह प्रतिबंध महिलाओं के अधिकारों का हनन है। धार्मिक स्वतंत्रा पर कुठाराघात है।



# कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती समारोह हुआ आयोजित

## -शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित

**मोहम्मद रफीक**

नागौर (रॉयल पत्रिका) । कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कारगिल दिवस रजत जयंती समारोह मनाया गया। अपने उद्बोधन में जिला कलक्टर पुरोहित ने कहां की हम देश के बहादुर सैनिकों के शौर्य, त्याग, बलिदान और देश प्रेम की परंपराओं का स्मरण करते हैं यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे देश की सुरक्षा में मुस्तैदी से जुटे जांबाजों और उनके परिवार जनों के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारियां हैं देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिक अपनी नींद और चैन खोकर हमें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं उनके प्रति कृतज्ञता अर्पित करना एवं उनके परिवारजनों को आदर सम्मान करना हमारा दायित्व है।

इससे पूर्व मुंडवा तिराहा पर स्थित शहीद स्मारक पर जिला कलक्टर पुरोहित, नगर परिषद की सभापति मीतू बोथरा,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल पीपी सिंह, नगर परिषद आयुक्त रमेश रिंणवा ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

जिला कलक्टर पुरोहित ने शहीद अर्जुन राम के पिता श्री चौखाराम व माता श्रीमती भंवरी देवी ग्राम अर्जुनपुरा, शहीद सुरेंद्र सिंह चौहान के भ्राता श्री गोविंद सिंह ग्राम संखवास, शहीद भंवर सिंह के माता श्रीमती सायर कंवर ग्राम हिरासणी, शहीद हेमेंद्र गोदारा की पत्नी सीता देवी ग्राम इन्दास एवं शहीद महावीर चक्र सुगन सिंह पुत्र श्री मंगू सिंह इन्दा कॉलोनी नागौर को सम्मानित किया।



## संभागीय आयुक्त ने हैदर शेख को सम्मानित किया

पाली (रॉयल पत्रिका)। दिल्ली के इण्डिया इंटरनेशनल क्लब में वर्ल्ड एनवायरमेंट प्रोटेक्शन आयोग के बैनर तले साहित्यकार हैदर शेख़ को डाक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। शेख़ को हिन्दी साहित्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए चयन करते हुए आयोग की आजीवन सदस्यता भी दी गई। राजस्थान प्रान्त के पाली जिला स्थित रानी स्टेशन मूल के साहित्यकार हैदर शेख़ की प्रमुख कृतियों में अमन के वास्ते, बणजारन छोरी, बोलो राम, बंज़र यादें, तेरा शुक्रिया, पर माही सहित करीब चार सौ से अधिक मूल्यवान दोहे हैं। पाली संभागीय आयुक्त (कमिश्नर) डॉ प्रतिभा सिंह ने पाली संभाग का गौरव बढ़ाने के लिए शेख को बधाई देकर सम्मानित किया। इस दौरान सुरेश मेवाड़ा, तहसीलदार दिनेश सिंह चारण, सहायक प्रोग्रामर नकुल राठौड़, निजी सहायक भूपेंद्र सैन और मोहनीश समेत समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।



# सांचौर नगरपरिषद में भ्रष्टाचार, फर्जी पट्टों को लेकर गूंजा विधानसभा में मामला

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। विधायक जीवाराम चौधरी ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सांचौर नगरपरिषद में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। कांग्रेस राज के दौरान सांचौर नगरपरिषद में जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया। गत पाँच साल में जितना भ्रष्टाचार हुआ, उतना पुरे जोधपुर संभाग में कहीं नहीं हुआ। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के राज में बड़ी संख्या में सरकारी और गोचर की जमीनों के पट्टे काटकर निजी लोगों को बेचा गया। जिससे सरकार को भारी नुक्शान हुआ है। सांचौर में सरकारी भूमि आगे भी कम है और नगरपरिषद इस तरह से अवैध तरीके से फर्जी पट्टे बनाकर बेच रही है, जिसकी जॉच हो। विधायक ने विधानसभा में आरोप लगाते हुए कहा कि सांचौर शहर में एक मात्र मनोरंजन का स्थान सिनेमा हॉल था जिसके पट्टे नगरपरिषद द्वारा अवैध तरीके से जारी कर दिए जिसके स्थान पर आज बड़े व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बन रहे है। साथ ही सिंचाई विभाग की जमीन पीएचईडी के पास, हवाई पट्टी की जमीन के तरीके से निजी लोगों को पट्टे जारी, पुरानी डाउडा तालाब की 28 बीघा जमीन पर भी पट्टे दे दिए। बी ढ़ाणी, काजा का गौलिया में गौचर भूमि पर अवैध तरीके से पट्टे जारे किए गए। इन जमीनों के पट्टे निरस्त होने चाहिए विधायक जीवाराम चौधरी ने पुरजोर तरीके से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठाई साथ ही कहा है कि इन तमाम जगहों के पट्टे निरस्त कर सरकारी भूमि को वापिस सरकार के कब्जे में ले। ताकि वर्तमान में सांचौर जिला बना हुआ है। विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि और भवन की आवश्यकता होगी।



# महान वैज्ञानिक मिसाइल मैन व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर पौधरोपण किया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर बाड़ी तेलियान में चूरू जिला अंजुमन ,अल -शबाब कमेटी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब जी की पुण्य तिथि (वफ़ात)बरसी पर पौधा लगाकर किया याद । चूरू जिला अंजुमन अल -शबाब जिलाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा देश के महान वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने देश के लिए अपना पूरा जीवन सादगी के साथ समर्पित कर दिया और उनके उच्च विचारों से भरा उनका महान जीवन हम सबको देश सेवा के लिए सदा प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर नबाब कालू उस्ताज ,पूर्व पार्षद सादिक़ अली , पप्पू निजामुद्दीन जर्रा, शौकत अली ,नत्थू सदीक,रफ़ीक चौहान,बजरंग बजाड़,विमल ओझा, मक़बूल मण्डावरिया, सलीम सर्वा, मंजूर अली,सलीम माजुका, समीर कुरैशी ,जीशान , वासुदेव हटवाल सत्तार अली यूनुस राजा, आदि ने अब्दुल कलाम साहब को खिरादे अक़ीदत पेश की ।



# ऑटोरिक्शा का किराया बढ़ा

## -रोडवेज बस स्टैंड से जेएलएन तक प्रति सवारी अब 30 रुपए लगेंगे
## -ऑटोरिक्शा यूनियन की बैठक, शहर में टूटी सड़कों को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**मोहम्मद रफीक**

नागौर (रॉयल पत्रिका) । ऑटोरिक्शा यूनियन की तरफ से शहर में यात्रियों के लिए किराया बढ़ा दिया गया है।

मानासर स्थित पशु प्रदर्शनी स्थल पर रविवार दोपहर को ऑटो रिक्शा चालक यूनियन की बैठक अध्यक्ष रूपसिंह पंवार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बैठक में शहर में संचालित करने वाले ऑटो चालक शामिल हुए। बैठक में शहर की बदहाल सड़कों को ठीक करने तथा ऑटो का किराया बढ़ाने का प्रस्ताव लिया गया।

किराया बढ़ाने का निर्णय 8 वर्ष बाद लिया गया है। बढ़ती महंगाई व डीजल में बढ़ोतरी के चलते निर्णय लिया गया।

इस दौरान अध्यक्ष पंवार ने बताया कि शहर की टूटी सड़के स्वस्थ रहें और सुरक्षित रहें, सड़कों को ठीक करवाने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल सभापती, कलेक्टर से मिलकर पत्र सौंपेगा।

7 दिन में टूटी सड़कों का कार्य शुरू करने की मांग रखी जाएगी।

अगर तय समय में सड़कें ठीक नहीं होती है तो ऑटो यूनियन चालक सड़कों पर उतरेंगे और आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कें अभी आम आदमी के लिए ऑटो में बैठक कर सफर करने लायक तक नहीं है।

आए दिन शहर के भीतर ऑटो की टूट फूट होकर बड़ा नुकसान चालक को झेलना पड़ रहा है। ऑटोरिक्शा युनियन की बैठक में निर्णय लिया कि 5 अगस्त से हर टैक्सी ड्राइवर वर्दी पहन कर ही ऑटो चलायगें।

कहां से कितना किराया

- रोडवेज स्टैंड से जेएलएन अस्पताल तक 30 रुपए - रोडवेज बस स्टैंड से मूंडवा तिराहा तक 10 रुपए - रोडवेज बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तक 20 रुपए - रोडवेज स्टैंड से सूफी तारकिन दरगाह तक 10 रु. रोडवेज़ बस स्टैंड से गांधी चौक तक 10 रुपए - रोडवेज बस स्टैंड से मानासर तक 20 रुपए - गांधी चौकी से रेलवे स्टेशन तक 10 रुपए - रेलवे स्टेशन से जेएलएन अस्पताल तक 20 रुपए - पित्ती अस्पताल से दरगाह तक 20 रुपए - मानासर से गांधी चौक तक 10 रुपए मानासर से रेलवे स्टेशन तक 10 रुपए - मानासर से जेएलएन अस्पताल तक 30 रुपए - सरकारी कॉलेज से रेलवे स्टेशन तक 20 रुपए - सिटी का बुक किराया कुल 100 रुपए (रात 10 से सुबह 5 बजे तक 10 रु. अतिरिक्त चार्ज लगेगा।



# संभागीय आयुक्त ने श्री अन्नापूर्णा रसोई केन्द्र का किया ओचक निरीक्षण

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने शनिवार को सांचौर शहर के नाबरिया सर्किल स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई केंद्र का औचक निरीक्षण किया । संभागीय आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान श्री अन्नपूर्णा रसोई केंद्र में कार्यरत कार्मिकों को आमजन के लिए परोसे जाने वाले भोजन की थाली की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक मेनू, भोजन टोकन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी, तहसीलदार रायमल चौधरी, कनिष्ठ सहायक मनोज, नगर परिषद कार्मिक विजय पुरोहित सहित श्री अन्नपूर्णा रसोई केंद्र के कार्मिक उपस्थित रहे।

# चिकित्सा विभाग की सुमेरपुर में फिर कार्रवाई, शुद्ध आहार मिलावट पर वार

पाली (रॉयल पत्रिका)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को जिले के सुमेरपुर में कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने नकली घी के संदेह पर कुल 1602 लीटर घी जब्त कर सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया गया।

आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से "शुद्ध आहार - मिलावट पर वार" अभियान के तहत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देशानुसार सुमेरपुर में पाली सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने सुमेरपुर कस्बे में श्री सुंधा माता मार्केटिंग सुमेरपुर पर नकली घी के संदेह पर 1602 लीटर ब्रांड गोधारा के नाम से बेच रहे घी को जब्त कर सैंपल लेकर नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए। शुक्रवार को पाली सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के निर्देश पर की गई कारवाई में उप निरीक्षक पुलिस थाना सुमेरपुर निर्मल कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह इंदा, चिकित्साकर्मी सवाईसिंह, पुलिस कांस्टेबल राजकुमार, किशोर सिंह, ऑपरेटर ओमप्रकाश प्रजापत भी साथ रहे। गौरतलब है कि आमजन को शुद्ध आहार मिले, इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थ के सैंपल ले रहे हैं। साथ ही आमजन को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।



# जलदाय कर्मियों ने प्रदर्शन कर निजीकरण के फैसले का किया विरोध

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय पर कार्मिकों ने राज्य सरकार द्वारा लिए गए जलदाय विभाग के निजीकरण के फैसले का विरोध किया है। शुक्रवार को जलदाय विभाग के कार्मिकों ने कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर निजीकरण का विरोध जताया है। जलदाय विभाग के कार्मिको का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा जलदाय विभाग का निजीकरण कर आरडब्ल्यूएसएससी का गठन किया है, जो कि विभाग के कार्मिकों व आमजन के हित में नहीं है। विभाग का निजीकरण के कारण पेयजल की दरों में अत्यधिक वृद्धि होगी एवं विभागीय कार्मिकों को वेतन, भत्तों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

सरकार के इस फैसले का प्रदेश के सभी जलदाय विभाग के कार्मिक विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा निजीकरण के फैसले को वापिस नहीं लिया गया तो प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बीरबल, रमेशदास, लक्ष्मण चौधरी, कल्पेश कुमार सहित कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे।

# हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन किया लॉन्च

## -हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन और अन्य जिंक उत्पादों का प्राथमिक उपयोग जंग प्रतिरोध के लिए स्टील गैल्वनाइजेशन में किया जाता है
## -अक्षय ऊर्जा के उपयोग से उत्पादित, इकोजेन में उत्पादित जिंक के प्रति टन कार्बन समकक्ष 1 टन से भी कम कार्बन फुटप्रिंट है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है

मुंबई (रॉयल पत्रिका)। देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया।

एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है।

इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि बदले में अपने ग्राहकों को अधिक सस्टेनेबल विकल्प प्रदान किए जा सकें।

इस नवीनतम पेशकश से हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन के साथ एक टन स्टील को गैल्वनाइज करने में उनकी मूल्य श्रृंखला में लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचाव होगा। हिंदुस्तान जिंक की नवीनतम पेशकश, कम कार्बन ग्रीन जिंक को इकोजेन ब्रांड किया गया है।

शुरुआत के लिए इकोजेन एक स्पेशल हाई ग्रेड (एसएचजी) जिंक उत्पाद संस्करण के रूप में उपलब्ध है इस कम कार्बन वाले पर्यावरण अनुकूल जिंक का निर्माण अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके किया जा रहा है और इसका वैश्विक तापमान वृद्धि क्षमता मूल्य बाजार में सबसे कम है, जो वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। उत्पाद की प्रमाणन प्रक्रिया एक मास-बैलेंस दृष्टिकोण पर आधारित है और इसे क्रैडल टू गेट पद्धति का उपयोग कर किया गया है।

हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता समूह की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, स्थिरता हमारे सभी व्यावसायिक निर्णयों के मूल में बनी हुई है। हिंदुस्तान जिंक का एसएंडपी इंडेक्स में नंबर 1 होना, एक स्थायी भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इकोजेन का शुभारंभ 2050 तक नेट जीरो बनने की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। ईएसजी के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित कर, वेदांता का हिंदुस्तान जिंक सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक सस्टेनेबल संचालन और उत्पाद बनाकर प्राकृतिक संसाधन उद्योग में क्रांति ला रहा है।




# मदन राठौड़ के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने पर मनाया जशन

एम.यासीन

पाली (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद व वरिष्ठ नेता मदनजी राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पाली जिले के कार्यकर्ताओ मे जोश-उत्साह व खुशी की लहर है जिले भर जिला कार्यसमिति बैठक मे कार्यक्रर्ताओ व जनप्रतिनिधिगण ने पटाखा फोड़कर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर केबिनेट मन्त्री जोराराम कुमावत, जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार, रविंद्र सिंह बालावत सभी सम्मानित कार्यकर्तागण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। शाम को सुरज पोल चौराया पर आयोजित भव्य आतिशबाज़ी की गयी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ मे जोश-उत्साह से केन्द्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पुर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पुर्व नगर सुधार न्यास, अध्यक्ष संजय ओझा, नरेश ओझा, गिरधारीसिह मडली, सुनिल भंडारी, मोहन सिंह, नाडोल राकेश पंवार, सुरेश चौधरी, भवर चौधरी, पुखराज पटेल, मुलसिह भाटी मंडल, अध्यक्ष पुखराज बंजारा, श्रवण बंजारा, नरपत दवे, मुकेश नाहर, मानवेंद्र सिंह, गुमानसिंह रावत, वकील असलम खान, अजीज कोहिनूर , वसीम रमजान, खोखर रफीक गौरी, फिरोज खान, नौशाद मोहम्मद सलीम डैडी, दिग्विजयसिंह राठौड़, कन्हैयालाल ओझा, दर्शन तलवार, हिरालाल मेघवाल, मनोहर जाम, विकास बुबकिया, मुकेश गोस्वामी, गणेश पटेल सहित सभी उपस्थित रहे।



# जीवन के अंधेरे को प्रकाश में लाने का समाधान सिर्फ शिक्षा

## -पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने नांद राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए बच्चों और अभिभावको को किया प्रोत्साहित

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने नांद कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को अंधेरे से प्रकाश में लाने का एक मात्र समाधान केवल शिक्षा है। शिक्षा के प्रति अपनी भावना और अपने गांव के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की अथक मेहनत को व्यक्त करते राठौड़ का कहना है कि वर्तमान आधुनिक संचार क्रांति के प्रतिस्पर्धात्मक युग में स्नातक व स्नातकोत्तर शिक्षा के बिना आगे बढ़ना बहुत असंभव प्रतीत हो रहा है। शैक्षिक उत्थान के अपने विचारों को बयान करते कहा कि मैं जब भी जयपुर से अपने गांव नांद आता था, पता करने पर मालूम चलता था कि स्नातक व स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने में हम बहुत पीछे है और बालिका की संख्या तो बहुत ही चिंताजनक हैं। मैने एक दिन इस पीड़ा को मैंने तत्कालीन सरकार के मुख्य मंत्री अशोक गहलोत को साझा कर विशेष आग्रह किया और उन्होंने भी तत्काल उच्च शिक्षा के महत्व को गंभीरता से ले कर राजस्थान की विधानसभा में अपने श्रीमुख से घोषणा कर हम सब ग्राम पंचायतवासियों का सम्मान बढ़ाया और नांद गांव में कॉलेज की घोषणा कर दी। उन्होंने कॉलेज के जल्द बजट घोषणा पर कहा कि कई बार बजट घोषणाएँ किन्ही कारणो से मूर्त रूप नहीं ले पाती है, लेकिन हम सौभाग्यशाली है कि एक तरफ़ तो तत्काल अस्थायी भवन में कॉलेज चालू हुआ और दूसरी तरफ़ कॉलेज के लिए 28 बीघा ज़मीन आवंटन कर भवन के लिए निर्धारित क़रीब 4 करोड़ 50 लाख की राशि स्वीकृत कर 6 अक्टूबर 2023 को टेंडर संबंधी प्रक्रिया कर निर्माण शुरू कर दिया गया, जिसकी प्रगति मौके से देखी जा सकती है। मुझे यह बताते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि इस कॉलेज में प्रथम वर्ष के प्रथम सत्र में 57 लड़के व लड़कियों ने प्रवेश लिया, जो तुलनात्मक बहुत अच्छी संख्या है । इस साल भी 56 लड़के व लड़कियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किए है जिनमे से अधिकतर ने फ़ीस जमा करा दी है। बाक़ी बच्चों की भी 30 जुलाई तक जमा हो जायेगी । यानी कुल मिलाकर विद्यार्थियों की संख्या एक सौ से ऊपर हो जाएगी, जो कि अन्य कई कालेजों की अपेक्षा अच्छी है । ऐसे में मेरा सभी ग्राम पंचायत नांद और आसपास के प्रबुद्धजनो से विनम्र अनुरोध है कि सब इस शिक्षा रूपी महायज्ञ में अपनी तन , मन , यथा संभव धन से आहुति दे।



मेरी यह भी जानकारी में आया है कि वर्तमान सरकार ने पिछली सरकार के समय खोली गई नई कॉलेजों के लिए समीक्षा कमेटी बनाकर कुछ कॉलेजों को बंद करने की खबरें चल रही है। इस बाबत भी हमे एकजुट होकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जागृत होना होगा और अपने अपने संपर्क से राज्य सरकार स्तर पर भी संपर्क रखना होगा ।

उन्होंने बताया कि कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा कराने की अन्तिम तारीख 30 जुलाई है। इसलिए सभी विद्यार्थी 30 जुलाई तक कॉलेज में एडमिशन लेकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाए।

# देश नफरत से नहीं मोहब्बत से चलता है - इमरान प्रतापगढ़ी

## -"शहादत को सलाम" कार्यक्रम में हुआ कारगिल शहीद की वीरांगनाओं एवं योद्धाओं का सम्मान।

## झुन्झुनूं जिला गंगा जमुनी तहजीब का बहुत बड़ा संगम - एम.डी. चोपदार

झुन्झुनूं (रॉयल पत्रिका)। स्थित कर्बला मैदान में डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के तत्वाधान में *'शहादत को सलाम'* कार्यक्रम दो संत चंचलनाथ जी का टीला के पीठाधीश्वर मंहत ओमनाथ जी महाराज एवं दरगाह हजरत कमरूदीन शाह के सज्जादानशीन एजाज नबी साहब के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शेखावाटी क्षेत्र (झुन्झुनूं, चुरू, सीकर व नीम का थाना) के कारगिल युद्ध में लड़ने वाले योद्धाओं, कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं एवं गेलेंट्री अवार्डधारियों सहित 130 जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता इमरान प्रतापगढ़ी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेजर जनरल ए.जे.बी. जैनी, लेफ्टिनेंट जनरल एस.पी.एस. कटेवा, कारगिल महानायक ब्रिगेडियर अजीत सिंह शेखावत, कर्नल शोकत अली, सैनिक कल्याण अधिकार कर्नल अनिल पूनियां, कैप्टन शोकत अली, डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के चैयरमेन डॉ. सत्तार दीवान उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने आये हुये तमाम अतिथियों का मोमेन्टो, शॉल एवं केप पहनाकर स्वागत किया। चोपदार ने गंगा जमुनी तहजीब का जिक्र करते हुये कहा कि ये जिला साम्प्रदायिक सद्भाव की मिशाल है, यहां धर्म और जाति से बढ़कर राष्ट्रवाद की भावना देखने को मिलती है। उन्होंने कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि यहां के लोग देश के लिये अपने प्राणों की आहुति देने के लिये हर समय तैयार रहते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मेरा दुर्भाग्य है कि मेरा जन्म शेखावाटी जैसी वीर जन्म भूमि पर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जो नफरत की दुकान खोले बैठे है वो एक बार शेखावाटी के वीरों की इस भूमि पर आयें और देखें कि लोग कितनी मोहब्बत के साथ यहां रहते है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने बड़ी-बड़ी कुर्बानियां देकर, इस जिले का मान पूरे भारत में बढ़ाया है। उन्होंने ये भरोसा दिलाया कि यहां कि कुर्बानियों का जिक्र में पूरी दुनिया में करूंगा और उन्होंने वादा किया कि शेखावाटी के शहीदों का कार्यक्रम में दिल्ली में करूंगा। ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने कारगिल से जुड़े बहुत से संस्करण साझा किये। उन्होंने कहा कि हिन्द-मुस्लिम करने वाले संकीर्ण सोच के व्यक्ति होते है, मैंने कारगिल में मुस्लिम कम्पनी की कमांड की थी जिसने अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुये पाकिस्तान के दांत खट्टे कर दिये थे। कर्नल शोकत अली ने शेखावाटी की वीर वंसुधरा का जिक्र करते हुये कहा कि यहां के लोगों की नस-नस में देश के प्रति मोहब्बत एवं वफादारी देखने को मिलती है। कार्यक्रम में शहीदों से संबंधित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया जिसमें शेखावाटी के समस्त शहीदों का वर्णन देखने को मिलता है। कार्यक्रम में वीर रस के कवि विवेक पारीक ने अपने काव्य पाठ से देशभक्ति की भावना को उजागर किया। जोश एवं जूनून से लबरेज उनकी काव्य रचना पर भारत माता की जयकारे के नारे गूंजने लगे। रूकसाना खान ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शेखावाटी क्षेत्र के लोग वीरांगनाओं एवं योद्धाओं की हौसला अफजाई के लिये उपस्थित थे। कार्यक्रम में कैप्टन टीपू सुल्तान, कैप्टन सुल्तान खान, कैप्टन महेन्द्र सिंह झाझड़ियां, मेजर जयराम, कैप्टन ताराचन्द नूनियां, कैप्टन लियाकत अली खां किढ़वाना, सुबेदार इकबाल खां, कैप्टन लाल खां, कैप्टन लियाकत खां, कैप्टन सरवर खां, कैप्टन असलम खां, कैप्टन राजकुमार, कैप्टन भंवर सिंह, कमांडो अकरम खां, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सुण्डा, ए.जी. मिर्जा, मुफ्ती अहमद जिया, अमित जांगिड़, प्रवीण शर्मा, इरफान खान, इमरान बड़गुजर, इमरान राईन, इमरान फारूकी, युनुस रंगरेज, बाबु भाई अली हसन, मनवर दीवान, साजीद दीवान, रेहान दीवान, आमीन चोपदार, जावेद अली टाक, हनीफ चोपदार एवं डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी सहित हजारों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजहर हुसैन एवं मूलचन्द झाझड़ियां ने किया।


























मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com